हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 73, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 10 सितम्बर, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

# युद्ध के संकट से पूरे विश्व में विश्वास का अभाव : मोदी

## जी-20 समिट के उद्घाटन में बोले प्रधानमंत्री मोदी- "21वीं सदी का यह समय दुनिया को नई दिशा दिखाने वाला समय

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में अपनी मेजबानी में जी-20 समिट की शुरूआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मोरक्को के भूकंप से लेकर 21वीं सदी में दुनिया की आकांक्षाओं तक पर बात की। पीएम ने अफ्रीकी यूनियन की सदस्यता को लेकर भी दुनियाभर की सहमति जुटाने को लेकर पहल करने की बात कही।




पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा, "जी-20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत आपका स्वागत करता है। जिस स्थान पर हम एकत्रित हैं, वहां से कुछ ही किमी के फासले पर करीब 2,500 साल पुराना एक स्तंभ लगा है। इसमें पारकृत भाषा में लिखा है- मानवता का कल्याण और सुख सुनिश्चित किया जाए। ढाई हजार साल पहले भारत की भूमि ने यह संदेश पूरे विश्व को दिया था। आइये इस संदेश को याद कर के जी-20 का हम शुभारंभ करें।" मोदी ने कहा, "21वीं सदी का यह समय दुनिया को नई दिशा दिखाने वाला समय है। यह वह समय है जब बरसों पुरानी चुनौतियां हमसे नए समाधान मांग रही है। हमें मानवता वादी केंद्रित होकर इन समस्याओं को सुलझाना है। मोरक्को में आए भूकंप से प्रभावित लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदना प्रकट करना चाहता हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि इस कठिन समय में पूरा विश्व समुदाय मोरक्को के साथ है। हम उन्हें हरसंभव सहायता पहुंचाने के लिए तैयार हैं।"

**आपसी विश्वास पर आए संकट पर विजय पाना जरूरी**- पीएम मोदी ने आगे कहा, "कोरोना के बाद विश्व में एक बहुत बड़ा संकट विश्वास के अभाव का आया है। युद्ध ने इस विश्वास के संकट को और गहरा किया है। जब हम कोविड को हरा सकते हैं तो हम आपसी विश्वास पर आए इस संकट पर भी विजय प्राप्त कर सकते हैं। आज जी-20 के अध्यक्ष के तौर पर भारत पूरी दुनिया का आह्वान करता है कि हम मिलकर सबसे पहले वैश्विक तौर पर इस संकट को एक विश्वास और भरोसे में बदलें। यह हम सभी के साथ मिलकर चलने का समय है। इसलिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मंत्र हम सभी के लिए एक पथ प्रर्दशक बन सकता है।"

## जी20 के भव्य आयोजन को देख तिलमिलाए पाकिस्तानी, बोले- 'हम परमाणु शक्ति, हमें ही नहीं बुलाया!'

इस्लामाबाद। जी20 की अध्यक्षता इस समय भारत के पास है और 9-10 सितंबर को दिल्ली में जी20 के शिखर सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए दुनिया के शीर्ष नेता भारत में मौजूद हैं। इसके चलते पूरी दुनिया की निगाहें भारत पर लगी हुई हैं। जहां दुनिया में भारत की वाह-वाह हो रही है, वहीं हमारे पड़ोसी देश में कई लोग भारत को मिल रही इज्जत से तिलमिलाए हुए हैं।

**पाकिस्तानी बोले- शर्मिंदगी हो रही है**- बता दें कि पाकिस्तान के एक यूट्यूब चैनल 'रियल एंटरटेनमेंट' पर एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें एंकर ने पाकिस्तानी जनता के बीच जाकर उनसे भारत में हो रहे जी20 सम्मेलन को लेकर बात की और पूछा कि भारत इतना आगे निकल गया है कि वहां जी20 जैसे सम्मेलन हो रहे हैं और विश्व के शीर्ष नेता भारत में हैं तो पाकिस्तान क्यों पीछे रह गया? इसके जवाब में लोगों ने बड़े दिलचस्प जवाब दिए। एक पाकिस्तानी ने कहा कि हमें बहुत ज्यादा शर्मिंदगी महसूस हो रही है कि भारत ने हमें जी20 शिखर सम्मेलन का न्योता नहीं दिया जबकि हम परमाणु संपन्न देश हैं। वहीं बांग्लादेश को न्योता दिया गया है! एक अन्य शख्स ने कहा कि 'पाकिस्तान गलती से आजाद हो गया, जो लोग उस वक्त बंटवारे का विरोध कर रहे थे, वो लोग सही थे। एक अन्य पाकिस्तानी ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत हमसे बहुत आगे है, भारत वाले कश्मीर में हमसे ज्यादा लोगों को सुविधाएं हैं, उनसे हमारा कोई मुकाबला नहीं है। एक शख्स ने अपने देश के हुक्मरानों की आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान भूखा, नंगा मुल्क है और ऐसे देश से कोई रिश्ते नहीं बनाता। हर देश यही सोचता होगा कि पाकिस्तान पैसे मांगने आया है। भारत से पाकिस्तान का कोई मुकाबला नहीं है, वो चांद पर चले गए और हमारे झगड़े खत्म नहीं हो रहे।'

## मुख्यमंत्री योगी ने की संचारी रोगों की स्थिति की समीक्षा, नोडल अधिकारी नियुक्त करने के दिए निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय अंतर्विभागीय बैठक में प्रदेश में संचारी रोगों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष अप्रैल, जुलाई, अक्तूबर में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान संचालित होता है। आगामी अक्तूबर माह से इसका नवीन चरण प्रारंभ होना है। इसमें सरकारी प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। हमारे सामने अपना इंसेफेलाइटिस नियंत्रण और कोविड प्रबंधन के दो सफल मॉडल हैं, जो संचारी रोग अभियान में हमारे लिए उपयोगी होंगे। आज हर जिले में डेंगू जांच की सुविधा है। 15 नवम्बर तक का समय संचारी रोगों की दृष्टि से हमारे लिए संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, मेरठ, मुरादाबाद जनपद डेंगू से प्रभावित रहे हैं। बुलंदशहर व संबल में डेंगू आउटब्रेक की स्थिति भी देखी गई। जबकि बरेली, सीतापुर, शाहजहांपुर, हारदोई बदायूं, पीलीभीत और संभल में मलेरिया का असर रहा है। इसी तरह, प्रयागराज, कानपुर नगर, बाराबंकी, कुशीनगर, संत कबीरनगर, सहारनपुर व बस्ती में चिकनगुनिया की दृष्टि से



संवेदनशील हैं। इन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में इंसेफेलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी। 50 हजार बच्चों की मौत हुई। 2017 में हमने अंतर्विभागीय समिति बनाई, सभी विभागों ने मिलकर काम किया। अस्पताल बनवाये, पीकू बनवाये, चिकित्सक तैनात किये।

साथ-साथ पीने के साफ पानी और शौचालय की व्यवस्था भी कराई। नतीजा इस वर्ष 01 जनवरी से 07 सितंबर तक जापानी इंसेफेलाइटिस, चिकनगुनिया व मलेरिया से एक भी मृत्यु नहीं हुई है। 04 दशक तक कहर बनी रही बीमारी पर हमने 05 वर्ष में नियंत्रण पा लिया। नियंत्रण के बाद अब हमारा अगला लक्ष्य उन्मूलन है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कहीं भी हॉटस्पॉट की स्थिति न बनने पाए। यदि कहीं भी ऐसी स्थिति हो तो वहां संबंधित नगर आयुक्त/ अधिशाषी अधिकारी स्वयं पहुंच कर निरीक्षण करें। अस्पतालों में दवा की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी सरकारी व निजी अस्पतालों/ मेडिकल कॉलेजों में नए रोगियों की नियमित रिपोटिंग जरूर हो। प्रदेश के सभी पीएचसी/ सीएचसी/ जिला अस्पतालों/ मेडिकल कॉलेजों के लिए जिलाधिकारी द्वारा एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। यह नोडल अधिकारी हर दिन सायंकाल अपने प्रभार के अस्पतालों की जांच कर व्यवस्था सुचारू बनाए रखें। पीएचसी/ सीएचसी व अन्य अस्पतालों में तैनात पैरामेडिक्स नियमित रूप से अपनी सेवाएं जरूर दें। चिकित्सा व स्वास्थ्य व्यवस्था में अराजकता व अव्यवस्था फैलाने की कुत्सित करने वालों से पूरी कठोरता से निपटा जाए।

## कोरोना से भी खतरनाक लेप्टोस्पायरोसिस, वाराणसी में 10 से अधिक बच्चे पीड़ित, अलर्ट जारी

वाराणसी। कोरोना से भी खतरनाक लेप्टोस्पायरोसिस ने वाराणसी में दस्तक दी है। यह बीमारी चूहों से होती है। बच्चों को ही निशाना बनाती है। अब तक 10 से अधिक बच्चे चपेट में आ चुके हैं। शहर के निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। तेज बुखार के कारण चेतगंज की बालिका को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जांच कराई, लेकिन बीमारी पकड़ में नहीं आई। इसके बाद सी रिएक्टिव प्रोटीन (सीआरपी) जांच कराई गई। सीआरपी ज्यादा मिली तो डॉक्टर चिंतित दिखे। आशंका के आधार पर लेप्टोस्पायरोसिस की जांच कराई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि लेप्टोस्पायरोसिस के बारे में जानकारी मिली है। बाल रोग विशेषज्ञों को अलर्ट किया गया है। इससे पहले 2013 में मामले सामने आए थे। मंडलीय अस्पताल के बालरोग



विशेषज्ञ डॉ. सीपी गुप्ता ने बताया कि ओपीडी में मरीज आ रहे हैं।

**तीन चार दिन से ज्यादा है बुखार तो ना लें हल्के में**- भारतीय बाल अकादमी के अध्यक्ष डॉ. आलोक भारद्वाज के मुताबिक, बुखार अगर तीन-चार दिन से ज्यादा है तो इसे हल्के में न लें। सीआरपी की जांच कराइए। अगर सीआरपी ज्यादा आए तो समझ लें बैक्टीरियल बुखार है। इसके बाद लेप्टोस्पायरोसिस की जांच करानी होगी। इसके लक्षण डेंगू और वायरल से मिलते हैं। इसमें प्लेटलेट्स तेजी से नहीं डाउन होता है। 30 से 40 हजार तक पहुंचने के बाद रिकवर हो जाता है।

**चूहे के मूत्र के जरिये फैल रही बीमारी**- नवजात शिशु संघ के प्रदेश अध्यक्ष और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक राय के मुताबिक अब तक बाल लेप्टोस्पायरोसिस पीड़ित पांच बच्चों का इलाज कर चुके हैं। यह बीमारी चूहे के मूत्र के जरिये बच्चों में फैल रही है। इसमें डेंगू की तरह ही बुखार आएगा। यह शरीर के सभी अंगों को प्रभावित करता है। पहले सामान्य बुखार होता है। लक्षण पांच से छह दिन बाद मिलते हैं।

## मोदी-बाइडन की गजब की जुगलबंदी, हाथ पकड़ कर कोणार्क चक्र के बारे में बताते दिखे पीएम

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में G20 सम्मेलन का आगाज आज हो गया है। पीएम मोदी ने भारत मंडपम में विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया और अफ्रीकी यूनियन को जी20 में शामिल करने का एलान किया। इस बीच स्वागत कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच एक बार फिर गजब की जुगलबंदी देखने को मिली। पीएम ने जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का हाथ मिलाकर स्वागत किया, दोनों काफी खुश दिखे। पीएम इसके बाद बाइडन का हाथ पकड़कर मुड़े और उन्होंने पीछे लगे कोणार्क चक्र का चित्र दिखाया। प्रधानमंत्री इसके बाद बाइडन को कोणार्क चक्र के बारे में समझाते दिखे। मोदी इसके गोल आकार पर इशारा करते हुए अंदर की तीलियों के बारे में बताते दिखे। कोणार्क चक्र हमारी प्राचीन सभ्यता का प्रतीक है। इस चक्र का निर्माण 13वीं शताब्दी में राजा नरसिम्हादेव-प्रथम के शासनकाल में किया गया था। यह चक्र सभी ने भारत के राष्ट्रीय ध्वज में देखा होगा और यह भारत के प्राचीन ज्ञान, उन्नत सभ्यता और वास्तुशिल्प




उत्कृष्टता का प्रतीक है। घूमता हुआ कोणार्क चक्र, कालचक्र के साथ-साथ देश की प्रगति और निरंतर परिवर्तन का प्रतीक है। यह लोकतंत्र के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में प्रदर्शित किया जाता है, जो लोकतांत्रिक आदर्शों के लचीलेपन और समाज में प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## सोनभद्र में हाथियों का उत्पात, झुंड ने 16 लोगों के घरों को किया क्षतिग्रस्त, फसल बर्बाद

सोनभद्र। यूपी की सीमा से सटे झारखंड के सीमावर्ती गांव में जंगली हाथियों ने गुरुवार की रात जमकर उत्पात मचाया। उनका क्षेत्र में 15 दिनों से आतंक है। लगभग डेढ़ दर्जन जंगली हाथियों का झुंड आए दिन किसानों की फसल बर्बाद कर रहा है। इसके अलावा दर्जनों मकानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। जंगली हाथियों का झुंड उत्तर प्रदेश सीमा में प्रवेश न करें इसके लिए वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। विंढमगंज थाना क्षेत्र के सेट झारखंड के धुरकी प्रखंड क्षेत्र के भंडार पंचायत के कदवा उर्फ लिखनी धौरा गांव में हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए फसल, मकान को क्षतिग्रस्त किया। साथ ही खूंटे से बंधे मवेशियों को कुचलकर मार दिया। हाथियों के उत्पात से वहां के किसान काफी परेशान हो चुके हैं। गुरुवार को शाम ढलते ही हाथियों का झुंड लगातार पांचवें दिन कनहरतटीय जंगल से निकलकर कदवा उर्फ लिखनीधौरा गांव में पहुंचा। हाथियों



के झुंड ने फसलों को नष्ट किया। 16 लोगों का घर क्षतिग्रस्त किया। तीन पशुओं को हमला कर मार डाला। यहां पांच दिनों में 20 घर के 125 परिवार हाथियों की वजह से बेघर हो गए हैं। प्रभावित लोगों ने घर को छोड़कर गांव के ही दो सरकारी विद्यालय में शरण लिया है। गांव के जगदीश कोरवा,दिकदार कोरवा, सीताराम कोरवा, राजकुमार कोरवा, मुद्रिका कोरवा, सत्येंद्र कोरवा, बसंत सिंह, उमेश सिंह, बबन देव सिंह, इब्राहिम अंसारी, मोजाहिम अंसारी, सैलुन अंसारी, मुनेश्वर सिंह, जाकिर अंसारी के घर को हाथियों ने क्षतिग्रस्त किया है। एक हाईटेंशन बिजली के खंभे को भी तोड़ दिया। पीड़ित किसानों का कहना है कि वन विभाग ने अभी तक हाथियों को भगाने की कोई व्यवस्था नहीं की है। विंढमगंज वन रेंज में हाथियों का प्रवेश नहीं हुआ है। झारखंड के गांव व भुमफोर के जंगल में हाथियों के उत्पात की खबर मिल रही है। इसके मद्देनजर वन कर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है ताकि हाथियों का झुंड सोनभद्र के जंगलों में प्रवेश न कर सके।

## 'गरीब लोगों और जानवरों को जी-20 के गणमान्य व्यक्तियों से छिपा रही सरकार,' राहुल गांधी का आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को सरकार पर आरोप लगाया कि वह जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर और झुग्गियों को ढक रही है या ध्वस्त कर रही है। आवारा जानवरों को बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे मेहमानों से भारत की हकीकत को छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें झुग्गियों को हरी चादरों से ढका हुआ दिखाया गया है। दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेता भाग ले रहे हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत सरकार हमारे गरीब लोगों और जानवरों को छिपा रही है। हमारे मेहमानों से भारत की हकीकत को छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान में विदेश दौरे पर हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'जी-20 का उद्देश्य विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की एक उत्पादक सभा होना है, जिसका मकसद वैश्विक समस्याओं से सहयोगात्मक तरीके से निपटना है।' उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रपित व्लादिमीर पुतिन भले ही इससे दूर हों, लेकिन प्रिंस प्रोटेमकिन (रूसी सैन्य शासक) झुग्गियों को या तो ढककर रख रहे हैं या उन्हें ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए हैं। प्रधानमंत्री की छवि को बचाने के लिए आवारा पशुओं को बेरहमी से पकड़ा गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया।' विपक्षी दल ने झुग्गियों को ढंकने के वीडियो के अलावा जी 20 शिखर सम्मेलन से पहले आवारा कुत्तों और जानवरों के प्रति क्रूरता के वीडियो साझा किए। कांग्रेस द्वारा साझा किए गए वीडियो में एक झुग्गी निवासी ने कहा, सरकार हमें कीड़े मानती है। क्या हम इंसान नहीं हैं। पार्टी ने एक्स पर कहा, जी-20 से पहले मोदी सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए उनके घरों को पर्दे से ढक दिया है, क्योंकि राजा गरीबों से नफरत करता है।

## जी-20 थीम वसुधैव कुटुंबकम समावेशी विकास के लिए वैश्विक रोड मैप, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया अतिथि देशों का स्वागत

नई दिल्ली। जी20 समिट का आगाज हो चुका है और इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने खुशी जताई। उन्होंने कहा, 'भारत की जी20 की अध्यक्षता का विषय 'वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। ये टिकाऊ, समावेशी और मानव-केंद्रित विकास के लिए एक वैश्विक रोडमैप को दशार्ता। बता दें कि जी20 शिखर सम्मेलन दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र परिसर भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है।






**राष्ट्रपति मुर्मु ने जी20 देशों के सभी प्रतिनिधिमंडलों का किया स्वागत**- इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने X (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'नई दिल्ली में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले जी20 देशों के सभी प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का हार्दिक स्वागत है। भारत की जी20 प्रेसीडेंसी थीम, 'वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है, जो टिकाऊ, समावेशी और मानव-केंद्रित विकास के लिए एक वैश्विक रोडमैप है। मैं जी20 शिखर सम्मेलन के प्रतिभागियों को इस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में उनके प्रयासों में सफलता की कामना करती हूं।'

**विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहा भारत**- अपनी G20 अध्यक्षता में, भारत समावेशी विकास, डिजिटल नवाचार, जलवायु लचीलापन और न्यायसंगत वैश्विक स्वास्थ्य पहुंच जैसे विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बता दें कि G20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व जनसंख्या का लगभग दो-तिहाई प्रतिनिधित्व करते हैं। इसमें शामिल होने वाले देश, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) है।

## 'कोई ताकत मुझे नहीं रोक सकती': गिरफ्तारी के बाद बोले चंद्रबाबू नायडू; सड़कों पर उतरे तेदेपा समर्थक

अमरावती। सीआईडी ने शनिवार की सुबह आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी के प्रमुख नेता चंद्रबाबू नायडू को एपी कौशल विकास निगम घोटाले मामले में गिरफ्तारी किया है। अपनी गिरफ्तारी के कुछ ही देर बाद चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वह तेलुगु लोगों के हितों की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान देने के लिए तैयार है और ऐसा करने से उन्हें कोई नहीं रोक सकता। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'मैं पिछले 45 वर्षों से तेलुगू लोगों की सेवा कर रहा हूं। उनके हितों की रक्षा के लिए मैं अपने जीवन का बलिदान देने के लिए तैयार हूं। इस पृथ्वी पर ऐसी कोई ताकत नहीं है जो मुझे तेलुगु लोगों, आंध्र प्रदेश और मेरी मातृभूमि की सेवा करने से रोक सके।' गिरफ्तारी के दौरान चंद्रबाबू नायडू ने लोगों और अपने पार्टी के समर्थकों से संयम बनाकर रखने को कहा। उन्होंने कहा, 'अंत में सत्य और धर्म की जीत होगी। वे मेरे साथ कुछ भी करें, लेकिन मैं लोगों के लिए आगे बढ़ता रहूंगा।' चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के बाद टीडीपी के समर्थकों ने जमकर



हंगामा प्रदर्शन काटा। उन्होंने तिरूपति में अन्नपूर्णा सरुकुलु केंद्र में आग लगाकर प्रदर्शन किया। वहीं, महिला समर्थक हैदराबाद के केबीआर पार्क में पार्टी के झंडे के साथ गिरफ्तारी का विरोध कर रहीं हैं। उन्होंने राज्य के सीएम जगनमोहन रेड्डी का पुतला भी जलाया।

## संपादकीय

### वैवाहिक विवादों में निर्णय देते समय अधिक सतर्कता और मानवीय मूल्यों की परवाह करने की जरूरत

जब भी कोई फरियादी अदालत में पहुंचता है, तो आमतौर पर उसका प्रयास विपक्षी को हराने और सबक सिखाने का होता है। इस तरह वह कई झूठे आरोप भी लगाता है। वैवाहिक विवादों में यह प्रवृत्ति कुछ अधिक दिखाई देती है। पति और पत्नी के बीच का मनमुटाव और रोज का कलह जब असहनीय हो जाता है और संबंध विच्छेद के लिए महिला या उसके परिजन अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं, तो अक्सर उसमें दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण, हिंसक व्यवहार, क्रूरता, विवाहेतर संबंध आदि के आरोप लगाए जाते हैं। चूंकि कानून की इन धाराओं में पुरुषों को कड़ी सजा का प्रावधान है, दहेज उत्पीड़न में पुरुष के परिजनों को भी सजा दी जा सकती है, इसलिए इन धाराओं का जानबूझ कर उपयोग करने का प्रयास किया जाता है। मगर जब कोई महिला पति पर अपनी ही बच्ची के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा कर पाक्सो कानून के तहत उसे कठोर सजा दिलाने की कोशिश करती देखी जाए, तो निस्संदेह यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ऐसे ही एक मामले में सुनवाई करते हुए, जीत हासिल करने के मकसद से ऐसे गंभीर आरोप लगाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर आपत्ति जताई। एक महिला ने तलाक की अर्जी के साथ अपने पति पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न, क्रूरता, दहेज की मांग और बेटी के निजी अंगों को अनुचित तरीके से छूने आदि का आरोप लगाते हुए दो प्राथमिकियां दर्ज कराई थी। मगर अदालत ने जांच में पाया कि महिला ने केवल जीतने और पति को कठोर सजा दिलाने के मकसद से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण यानी पाक्सो कानून का सहारा लेना चाहा था। चूंकि इस कानून के तहत आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने का प्रावधान है, इसलिए जाहिर है, प्रतिशोध में यह आरोप लगाया गया। अदालत ने इस आरोप को खारिज कर दिया। यह अकेला मामला नहीं है, जब वैवाहिक विवादों अर कटुता के चलते बच्चों को भी अदालत में घसीट लिया जाता है। पति और पत्नी अपने अहंकार और नाहक नाक ऊंची रखने की होड़ में यह भूल जाते हैं कि इससे बच्चों के मन और जीवन पर क्या असर पड़ेगा। विचित्र स्थिति तब हो जाती है, जब किसी बच्ची की तरफ से उसके पिता पर ही यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया जाए। इस बढ़ती प्रवृत्ति पर दिल्ली उच्च न्यायालय की चिंता इस बात का संकेत है कि वैवाहिक विवादों में निर्णय देते समय अधिक सतर्कता और मानवीय मूल्यों की परवाह की जरूरत होती है। दहेज प्रताड़ना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जब दहेज निषेध कानून बनाया गया था, तब उसे भी काफी कठोर रखा गया था। मगर बाद में अदालतों ने पाया कि कई महिलाएं इस कानून का दुरुपयोग कर रही हैं, तो अदालतों ने इस मामले में सुनवाई को लेकर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी। ऐसा नहीं माना जा सकता कि दहेज निषेध कानून बनने की वजह से देश में दहेज लेने की प्रवृत्ति कम हुई है या दहेज प्रताड़ना के मामले रुक गए हैं, मगर इसे हथियार बना कर एक पक्ष को सबक सिखाने की बढ़ती प्रवृत्ति के मद्देनजर अदालतों ने ऐसे मामलों की सुनवाई में सावधानी बरतनी शुरू कर दी। इसी तरह पाक्सो कानून के दुरुपयोग की शिकायतें आ रही हैं, तो स्वाभाविक ही अदालतों की चिंता बढ़ रही है। यह कानून काफी संवेदनशील है, बच्चों को यौन उत्पीड़न से सुरक्षित रखने का कारगर उपाय माना जाता है। अगर इसका दुरुपयोग केवल किसी को सबक सिखाने की मंशा से होता है, तो इसका असल मकसद ही खतरे में पड़ जाएगा।

### हैं उतरे मेहमान!



दूर देश से आज यहां ।
हैं उतरे मेहमान ।।
खातिरदारी हो रही ।
मिला पूर्ण सम्मान ।।
सबका अपना मेल मिलाप ।
नफा और नुकसान ।।
बैठकें ये हों सफल ।
हैं जुटे जी जान ।।
लेकर के सब जाएंगे ।
तोहफे कुछ खास ।।
दौड़ रहे सब सरपट ।
है पूरा प्रयास ।।
कूटनीति पर पूरा ।
है सभी का जोर ।।
रहे और आगे भी ।
हाथ अपने डोर ।।

–कृष्णेन्द्र राय

## ऋषि सुनक का भारत में दामाद जैसा स्वागत भारतीय संस्कृति और परम्पराओं की श्रेष्ठता को दर्शाता है

**नीरज कुमार दुबे**

ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने के लगभग साल भर बाद भारत के पहले दौरे पर पहुँचे ऋषि सुनक के स्वागत के लिए खासतौर पर भारत में उत्साह दिखा। एक तो ऋषि सुनक भारतीय मूल के हैं दूसरा उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति भारत के मशहूर उद्योगपति नारायण मूर्ति की बेटी हैं, तीसरा ऋषि सुनक अपने हिंदुत्व पर गर्व करते हैं और सनातन धर्म में गहरी आस्था रखते हैं और चौथा उनके दिल में भारत के लिए विशेष स्थान भी है। पिछले साल दीवाली पर जब ऋषि सुनक ने ब्रिटेन की कमान संभाली थी तब उनका देश अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर लगातार परेशानियां झेल रहा था लेकिन ऋषि सुनक ने अपने सूझबूझ वाले नेतृत्व के चलते हालात को जल्द ही संभाल लिया। इसके अलावा चाहे रूस-यूक्रेन का मुद्दा हो या अन्य कोई वैश्विक चुनौती, सभी पर ऋषि सुनक आगे बढ़कर नेतृत्व करते हुए मुद्दों का हल तलाशते हुए दिखाई देते हैं। शुक्रवार को जब वह अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ दिल्ली पहुँचे तो हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस और वरिष्ठ राजनयिकों ने स्वागत किया। हवाई अड्डे पर जय सियाराम कह कर उनका स्वागत किया गया जिसके जवाब में उन्होंने भी जय सियाराम कहा।

हम आपको बता दें कि इस सप्ताह की शुरूआत में एक साक्षात्कार में ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा था कि ब्रिटेन और भारत के बीच संबंध दोनों देशों के भविष्य को परिभाषित करेंगे। इसके साथ ही ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारत का दामाद बताए जाने के संदर्भ का हवाला देते हुए मजाकिया लहजे में कहा कि जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए नयी दिल्ली का उनका दौरा बहुत खास है। हम आपको याद दिला दें कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति सुनक की शादी अक्षता मूर्ति से हुई है। नयी दिल्ली की अपनी उड़ान में पत्रकारों से बातचीत में ऋषि सुनक (43) ने कहा कि वह भारत आने को लेकर उत्साहित हैं एक ऐसा देश जो मेरे लिए बहुत करीब और प्रिय है। इस यात्रा में सुनक के साथ उनकी पत्नी और इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी भी शामिल हैं। सुनक का शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता का कार्यक्रम है।



सुनक ने तीन दिवसीय दौरे के लिए रवाना होने से पहले एक्स पर पोस्ट में कहा, मैं स्पष्ट फोकस के साथ जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जा रहा हूं। वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करना है। अंतरराष्ट्रीय संबंध बनाना है। सबसे कमजोर लोगों का समर्थन करना है। सुनक ने अपने साथ यात्रा कर रहे संवाददाताओं से कहा, यह बहुत खास है। मैंने कहीं देखा कि मुझे भारत के दामाद के रूप में संदर्भित किया गया था, मुझे उम्मीद है कि यह प्यार से कहा गया होगा। हम आपको बता दें कि शिखर वार्ता के दौरान ब्रिटेन के एजेंडे में रूस-यूक्रेन संघर्ष को एक प्रमुख विषय के रूप में चिह्नित किया गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि भारत की भूमिका और प्रभाव महत्वपूर्ण है। सुनक ने संवाददाताओं से कहा, एक बार फिर, व्लादिमीर पुतिन जी20 में अपना चेहरा दिखाने में विफल हो रहे हैं। वह अपने खुद के राजनयिक निर्वासन के वास्तुकार हैं, अपने राष्ट्रपति महल में अलग-थलग रहे हैं और आलोचना और हकीकत को रोक रहे हैं। इस बीच, जी20 के बाकी सदस्य यह प्रदर्शित कर रहे हैं हम आगे आएंगे और पुतिन की हार के लिए मिलकर काम करेंगे।

इस बीच, डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा कि ब्रिटेन यूक्रेन को लेकर अपना समर्थन दिखाने के लिए हर अवसर का उपयोग करेगा और साथ ही वैश्विक समर्थन को भी बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने कहा, मानवाधिकारों और वास्तव में लोकतंत्र पर रूस के हमले को रोकने में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम पुतिन के क्रूर आक्रमण को समाप्त करने के लिए उस प्रभाव का उपयोग करने को लेकर उन्हें प्रोत्साहित करने के वास्ते मोदी या अन्य नेताओं के साथ बैठकें करेंगे। हम आपको बता दें कि मोदी-सुनक द्विपक्षीय चर्चा के दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता पर भी चर्चा होने की संभावना है। अभी 12 दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है लेकिन इसके निष्कर्ष के लिए कोई निर्धारित समय सीमा नहीं है। डाउनिंग स्ट्रीट ने संकेत दिया है कि समझौते के तहत ब्रिटेन की आव्रजन नीति में कोई बदलाव नहीं होगा, हालांकि व्यापार वार्ता के हिस्से के रूप में अल्पकालिक व्यापार वीजा पर चर्चा की जाएगी।

## हिंदू विरोधी राजनीति करने का जमाना गया, यह बात आखिर क्यों नहीं समझ नहीं पा रहे हैं विपक्षी दल

**संतोष पाठक**

एक बहुत ही मशहूर कहावत है कि बद से बदनाम बुरा यानी आप बुरे हैं, इस बात से बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता लेकिन अगर आप बदनाम हो जाते हैं तो इसका असर सबसे ज्यादा पड़ता है। इस कहावत के संदर्भ में 2014 के लोकसभा चुनाव में करारी हार मिलने के बाद कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा हार के कारणों का पता लगाने के लिए गठित की गई एके एंटनी कमेटी की रिपोर्ट को याद कीजिए।

एके एंटनी की कमेटी ने उस समय हार के कारणों की तह में जाते हुए कांग्रेस आलाकमान को यह साफ-साफ बता दिया था कि कांग्रेस के लोक सभा में 44 सीटों पर सिमट जाने का सबसे बड़ा कारण यह रहा है कि कांग्रेस पार्टी पर मुसलमानों की पार्टी होने का आरोप चस्पा हो गया क्योंकि मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति ने कांग्रेस की इस तरह की छवि बना दी और धर्मनिरपेक्षता बनाम साम्प्रदायिकता की लड़ाई में कांग्रेस को काफी नुकसान उठाना पड़ा। उस समय कांग्रेस आलाकमान ने इस रिपोर्ट को न केवल पढ़ा, बल्कि समझ कर अपनाने की कोशिश भी की। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा देश के मंदिरों में जाकर पूजा करते नजर आने लगे। सबसे खास बात यह रही कि सैफई, मैनपुरी और इटावा बेल्ट को छोड़कर प्रदेश के अन्य इलाकों में यादव वोटरों के छिटकने के बाद अखिलेश यादव को भी समझ आया कि पार्टी की छवि बदलने की जरूरत है। इसके बाद अखिलेश यादव भी माता की चौकी और नवरात्रि में कन्याओं को खिलाने एवं उनकी पूजा करने की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते नजर आने लगे। मंदिरों में पूजा-पाठ करने की उनकी तस्वीरें भी नजर आने लगी और सबसे खास बात यह रही है कि रमजान के महीने में टोपियां पहनकर इफ्तार के दावत देने वाले नेताओं की संख्या में भी कमी दिखाई दी।




विपक्षी दलों का जब इंडिया गठबंधन बना तो ऐसी खबरें भी आई कि उसमें मोटे तौर पर यह सहमति बनी है कि देश के बहुसंख्यक समुदाय यानी हिंदुओं की भावना को आहत करने से बचना है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत रूप से कोई हमला नहीं करना है और गठबंधन को मोटे तौर पर गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, संविधान की सुरक्षा, चीन के सामने सरेंडर और कुछ हद तक घोटालों को लेकर ही मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर हमला बोलना है। लेकिन तमिलनाडु सरकार के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर ऐसा खेला कर दिया जो इंडिया गठबंधन पर भारी पड़ता नजर आ रहा है क्योंकि उदयनिधि स्टालिन सिर्फ एक मंत्री भर नहीं है बल्कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और डीएमके के भविष्य के चेहरे हैं। यही वजह है कि उनके बयान को लेकर जैसे ही भाजपा ने डीएमके के साथ-साथ राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी और अखिलेश यादव सहित विपक्षी नेताओं को घेरना शुरू कर दिया, वैसे ही इंडिया गठबंधन इस पूरे मामले में बैकफुट पर आ गया। यहां तक कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी उदयनिधि स्टालिन के बयान से किनारा करती नजर आई। अब यह भी खबर सामने आ रही है कि इंडिया गठबंधन की अगली बैठक में डीएमके नेता को इस तरह का बयान देने से बचने की नसीहत भी दी जा सकती है। दरअसल, विपक्षी दलों को अब यह समझ तो आ गया है कि वे न तो भाजपा के हिंदुत्व के पिच पर जाकर उसे हरा सकते हैं और न ही हिंदुत्व के बाहर जाकर मात दे सकते हैं क्योंकि छवि और परसेप्शन के खेल में भाजपा हमेशा उन पर भारी ही पड़ेगी।

## वैचारिक चेतना से फलित होता है जीवन

**लवली आनंद**

अगर जीवन एक वृक्ष है तो संस्कार यानी बचपन में जानी-सीखी और मनोविज्ञान या चेतना में उतारी गई तमाम चीजें बीज हैं, जो जीवन रूपी वृक्ष के फल को निर्धारित करता है। हमारे जीवन की सारी संभावनाएं इसी संस्कार रूपी बीज की प्रकृति से प्रभावित होती हैं। हम अपने वास्तविक जीवन में अपने आसपास भी कई प्रकार के वृक्ष देखते हैं। उनमें से कुछ फलविहीन होते हैं, तो कुछ के फल हमें इतने प्रिय होते हैं कि हमें पूरे वर्ष उनकी प्रतीक्षा रहती है। यानी वे हमारे लिए विशिष्ट होते हैं। जबकि कुछ ऐसे वृक्षों के फल होते हैं जो हमारे लिए सामान्य होते हैं। अपने मौसम पर पकते हैं। हम उन्हें ग्रहण करते हैं, लेकिन उसकी हमें जिज्ञासा या प्रतीक्षा नहीं रहती है। मिल जाने की स्थिति में हमें कोई विशेष रुचि नहीं जगती है और न ही नहीं मिलने पर विशेष अफसोस रहता है।

हम अपने आसपास सूक्ष्म दृष्टि से अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि हमारे बीच ही कुछ जीवन अपनी विशिष्टता को छूते हैं, वे आदर्श बनते हैं। वे ज्ञान, ऊर्जा और जीवन से अन्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। वहीं कुछ जीवन ऐसे होते हैं जो औसत होते हैं और उनमें दिलचस्पी लेने वालों की संख्या नाममात्र की होती है। वहीं कुछ जीवन ऐसे होते हैं जो अपने ही जीवन को कोसते हैं। वे फलविहीन वृक्ष की तरह होते हैं, जिनके जीवन का कोई उद्देश्य तो नहीं ही होता है, बल्कि अफसोस होता है। जब एक नया जीवन जन्म लेता है तो वह जन्म के साथ ही विकास की प्रक्रिया में शामिल हो जाता है। यह प्रकृति का नियम है। उस विकास की प्रक्रिया के साथ ही चेतना के भी बीज का जन्म होता है, जो अदृश्य होता है। हमें दिखाई नहीं देता है, लेकिन वह अदृश्य रूप से विकसित होता जाता है। उस अदृश्य बीज के विकास की सबसे बड़ी भूमिका



हमारे जीवन में माता-पिता की होती है। इसके बाद आसपास का माहौल और प्रकृति उसे प्रभावित करती है। उसे जिस सत्यता, सहजता, संयम, विश्वास, सद्भावना, सहानुभूति, करुणा, स्पष्टता, दृढ़ता, संकल्प और अनुशासन जैसे उच्च मानवीय गुणों का प्रकाश दिया जाता है, वह उतना ही परिष्कृत होता जाता है। समय के साथ यही बीज जीवन की दिशा को निर्धारित और नियंत्रित करता है। इसे ही वह आधार कहा जा सकता है जो दो जीवन के बीच भेद करता है। उनकी संभावनाओं में अंतर पैदा करता है। यह तय करता है कि जीवन विशिष्ट होगा, औसत होगा या निम्न होगा। संस्कार के बीज की धुरी पर हमारा जीवन निर्भर करता है। इसकी गुणवत्ता और प्रकृति जितनी उत्कृष्ट होती है, जीवन उतनी ही ऊंची संभावना को छूती है। आज हमारे इस निष्कर्ष के लिए पर्याप्त उदाहरण उपलब्ध हैं, जिनके आधार पर हम तुलनात्मक अध्ययन कर सकते हैं, लेकिन पूर्व के ऋषि-मुनि भी इस बात को भली-भांति जानते थे।

प्राचीन ऋषि आचार्य जैमिनी ने संस्कार की व्याख्या करते हुए कहा कि बचपन में हासिल चेतना ही किसी पदार्थ या व्यक्ति को कार्य को करने के योग्य बनाता है। यानी यह हमें पात्रता प्रदान करता है। यह हमारी प्रगति या सफलता के लिए सबसे आवश्यक गुण है। पात्रता नहीं होने की स्थिति में हम उस छलनी की तरह हो जाते हैं, जिसमें भले ही पूरी दुनिया का सारा पानी डाल दिया जाए, लेकिन वे सारी उससे होकर बह जाएंगी। अंत में उसमें कुछ बूंदें ही रहेंगी, जिसे रख पाने की उसकी पात्रता है। पात्रता हमें इस योग्य बनाती है कि हम अपने अंदर विशिष्टता को थाम सकें। हमारे अंदर विशिष्ट ज्ञान, ऊर्जा या प्रकाश को अवशोषित करने की क्षमता हो। प्रगति, ज्ञान या सफलता, जिसे मानव जीवन का महत्त्वपूर्ण पहलू कहा जाता है, वह चेतना और मनोवैज्ञानिक ढांचे पर निर्भर करता है। इसके बिना जीवन शून्य या अर्थहीन है। मानसिक चेतना और वैचारिक ढांचा संस्कार के रूप में जाने जाते हैं और यह कोई प्राचीन अवधारणा नहीं है जो केवल प्राचीन जीवनशैली या जीवन के लिए आवश्यक या प्रासंगिक था। भले ही हमारी जीवनशैली बदली हो, लेकिन हमारे जीवन की प्रकृति नहीं बदली है। हमारा भौतिक ताना-बाना नहीं बदला है। हम आज भी उन्हीं पांच तत्त्वों- क्षिति यानी भूमि, जल, पावक यानी अग्नि, गगन यानी आसमान, समीर यानी वायु से बने हैं। यह आज भी हमारे आधुनिक जीवन का महत्त्वपूर्ण पहलू है। यह चेतना एक ऐसी शक्ति है जो हमें हमारे जीवन के सच्चे मूल्यों को समझने और उसे आत्मसात करने की क्षमता प्रदान करता है। ये किसी व्यक्ति के चरित्र को आकार देते हैं। इसके मूल में हमारे माता-पिता होते हैं। यह उनकी ही जिम्मेदारी होती है। यह एक प्रकार से एक पीढ़ी को दूसरे पीढ़ी तक प्रदान किया जाने वाला अदृश्य बीज है, जिसे जिम्मेदारी के साथ प्रदान करने और ग्रहण करने की आवश्यकता है, क्योंकि वैचारिक चेतना से फलित जीवन स्वयं तक ही सीमित नहीं होते हैं, वे पूरे समाज, राष्ट्र और व्यापक तौर पर विश्व की दिशा और दशा तय करते हैं।

### रक्तदान से होता है स्वास्थ्य अच्छा, इससे कर पाओगे लोगों के जीवन की रक्षा-सरफराज

प्रखर शाहगंज(जौनपुर)। अंतर्राष्ट्रीय सामजिक संस्था जेसीआई के स्थानी इकाई की शाखा जेसीआई शाहगंज संस्कार द्वारा चलाये जा रहे जेसीज सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को नगर के इराकियाना चौराहा स्थित सर सैय्यद अस्पताल में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया जहां 235 लोगों का निःशुल्क जाँच एवं स्वास्थ परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी गयी। और आवश्यक स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी शिविर में मौजूद लोगों को डाक्टर फारूक अरशद द्वारा बताई गई। ततपश्चात संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अक्खनसराय जौनपुर रोड स्थित अनीता हॉस्पिटल एवं ब्लड बैंक पहुँच कर सर्जन डाक्टर अभिषेक रावत की देख रेख में रक्तदान किया। उक्त मौके पर संस्था के अध्यक्ष सरफराज अहमद ने कहा की रक्तदान को लेकर लोगों में कुछ भ्रंतियाँ फैली हुई हैं जो सरासर एक कोरी अफवाह मात्र है।रक्तदान से शरीर मे किसी तरह का कोई परेशानी या कमजोरी नही आती है बल्कि शरीर और स्वस्थ होता है।श्री सरफराज अहमद ने बताया की हमारा नारा है की "रक्तदान से होता है स्वास्थ्य अच्छा" "इससे कर पाओगे लोगों के जीवन की रक्षा" रक्तदान करने वालों में सुहैल अहमद खान, विनायक गुप्ता सहित दस सम्मानित लोगों ने भी रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान डाक्टर अभिषेक रावत एवं डाक्टर फारूक अरशद को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर एखलाक खान, गुलाम साबिर,शोएब इदरीसी, मिन्हाज इराकी, शाहिद अंसारी, सेराज आतिश, शाकिब खान, मो. रजा,अब्दुर्रहमान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### उदासीन परिवार को मनाएंगे, शत प्रतिशत टीकाकरण कराएं-सीएमओ

प्रखर कुशीनगर। नियमित टीकाकरण के प्रति उदासीन परिवार को समझा कर शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए ब्लॉक रिस्पांस टीम ( बीआरटी) को शनिवार को प्रशिक्षित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश पटारिया ने कहा कि बीआरटी के सभी स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी उदासीनता बरतने वाले परिवार को समझाएं। टीके के महत्व को बताएं। उन्हें टीकाकरण के लिए राजी करके शत टीकाकरण कराएं, ताकि कोई भी पात्र बच्चा और गर्भवती टीकाकरण से वंचित न रहने पाएं। उदासीन परिवार को मनाने के लिए उच्चाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सम्भावित व्यक्तियों और धर्मगुरूओं से भी सहयोग लिया जाएं। उन्होने बताया कि बच्चों को पोलियो, टीबी, पीलिया, दस्त, निमोनिया, गलागोटू, काली खांसी, टिटनेस, दिमागी बुखार, खसरा आदि बीमारियों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण जरूरी है। पांच साल में सात बार टीकाकरण कराने से बच्चों को उपरोक्त गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण के बेहतर प्रबंधन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए अनुश्रवण और मूल्यांकन जरूरी है। अनुश्रवण और मूल्यांकन के माध्यम से नियमित टीकाकरण पर आच्छादन बढ़ाया जा सकता है।

### फर्जी पुलिस बनकर ठगी करने वाले युवक को लाल बत्ती वाहन के साथ दबोचा

प्रखर खेतासराय(जौनपुर) । स्थानीय पुलिस ने चेकिंग के दौरान शनिवार की सुबह एक नकली पुलिस को वर्दी के साथ लाल बत्ती लगी वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया । शुरूआत में पुलिस टीम को सलामी ठोका लेकिन बात चीत में संदिग्ध लगा तो गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से फर्जी यूनिफॉर्म के साथ कई अन्य फर्जी दस्तावेज बरामद हुआ है । आरोपित को धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में चालान न्यायालय भेज दिया । सीओ शाहगंज शुभम तोदी ने मीडिया को बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जरायम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है । शनिवार को खेतासराय एसएचओ राजेश यादव मय हमराह मानी खुर्द रोड पर सघन तलाशी अभियान चला रहे थे । इसी दौरान एक स्वीफ्ट डिजायर पर लाल बत्ती लगी गाड़ी गुजर रही थी । चेकिंग कर रही टीम को लगा कोई पुलिस का अफसर जा रहा है । गाड़ी को रोक कर पुलिस ने सलामी दिया । पुलिस ने पूछताछ किया तो मामला संदिग्ध लगा । अपना नाम उमेश यादव पुत्र शिवपूजन यादव निवासी स्थानीय मवई बताया । कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने स्वीकारा की रात्रि में ट्रकों से अवैध वसूली और लोगों में रौब बनाने के लिए नकली वर्दी पहनकर कर लाल बत्ती का स्तेमाल करता था । पुलिस टीम को बताया कि वह वर्दी और लालबत्ती का फायदा उठाकर चेकिंग से निकल जाता था लेकिन इस बार वह पुलिस के हाथ आये । तलाशी में एक अदद पुलिस का ड्रेस, विभागीय आईडी, कई अन्य फर्जी दस्तावेज, स्टाम्प पेपर और मोबाइल बरामद किया है । प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि धोखाधड़ी, जालसाजी समेत कई धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया है । गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ राजेश यादव, उपनिरीक्षक शान मोहम्मद, रामभवन यादव, हेड कांस्टेबल रामाशीष यादव, प्रमोद, अमरजीत समेत कई अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन, कुल 44075 मामलों का किया गया निस्तारण

प्रखर पूर्वांचल,मऊ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ के तत्वावधान में आज दिनांक 09.09.2023 को दीवानी न्यायालय,मऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन का किया गया। इसमें विभिन्न प्रकृति के कुल 44075 मामलों का निस्तारण करते हुए 55696691 रुपये का जुमार्ना जमा कराया गया। वही कुल 13527712 रु0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी जारी हुआ। माननीय जनपद न्यायाधीश 07 मामलों का निस्तारण किया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय 28 वादों का निस्तारण किया गया। परिवार न्यायालय द्वितीय द्वारा कुल 20 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया। अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम ने 03 मामले का निस्तारण किया। पॉक्सो कोर्ट द्वारा 18 मामलों का निस्तारण करते हुए 8000 रु0 का अर्थदंड जमा कराया। अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-4 ने 193 विद्युत सम्बन्धी मामलों का निस्तारण किया। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 6621 मामलों का निस्तारण करते हुए 653180 रु0 का अर्थदंड जमा कराया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन ने 110 मामलों का निस्तारण करते हुए 11616267 रु0 की धनराशि जमा करायी गयी। सिविल जज सी0डि0/ए.सी.जे.एम द्वारा कुल 101 मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल जज सि0डि0/एफ.टी.सी. द्वारा 204 मामलों के निस्तारण किया गया। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मधुबन में कुल 56 मामलों का निस्तारण किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट,मऊ ने 296 मामलों का निस्तारण किया तथा 135690 का अर्थदंड जमा कराया। सिविल जज जू0डि0 मुहम्मदाबाद गोहना ने 37 मामलों का निस्तारण किया। सिविल जज जू0डि0 एफ.टी.सी. महिला उत्पीड़न ने कुल 54 मामलों का निस्तारण किया। वही उपभोक्ता फोरम में 12 मामलों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान विभिन्न बैंकों द्वारा 1065 मामलों में निस्तारण किया एवं रु0 41300000 बकाया राशि प्राप्त की। राजस्व न्यायालय द्वारा 34178 मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान किया गया। बी.एस.एन.एल ने कुल 25 वादों का निस्तारण किया 43657 रु0 की बकाया राशि प्राप्त की। श्रम विभाग एवं मनरेगा द्वारा.172 मामलों का निस्तारण किया एवं नगर पालिका द्वारा 271 मामलों का निस्तारित किये गये।

### यूनियन बैंक अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ, उत्तर प्रदेश का चौथा महाधिवेशन एवं रजत जयंती कार्यक्रम पहाड़िया स्थित एक होटल में आयोजित किया गया

प्रखर वाराणसी। महाधिवेशन का उद्घाटन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के माननीय सदस्य श्री बी० बी० कमल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री जी० करुणानिधि, यूनियन बैंक लखनऊ से महाप्रबंधक श्री सुमित श्रीवास्तव एवं वाराणसी के महाप्रबंधक श्री गिरीश जोशी, वाराणसी के पुलिस उपायुक्त श्री विक्रांत वीर, आयकर उप निदेशक जांच श्री अरविंद चौहान, वाराणसी, वाराणसी के क्षेत्र प्रमुख श्री संसार चंद, गाजीपुर के क्षेत्र प्रमुख श्री के०डी० गुप्ता, जौनपुर के क्षेत्र प्रमुख श्री शैलेन्द्र कुमार, चंदौली के क्षेत्र प्रमुख श्री संजीव कुमार आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री जी० करुणानिधि थे। अपने सम्बोधन में श्री बी० बी० कमल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों के हितों के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही है। वर्ष 2017 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिए जाने से संकेत स्पष्ट है कि भारत सरकार अन्य पिछड़े वर्गों के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही को स्वीकार नहीं करेगी।

# कार्यशाला का लाभ मरीजों का निदान करने वाले चिकित्सकों को मिलेगाः प्रो. बीबी तिवारी



प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रो. वंदना सिंह एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के संरक्षत्व में उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में रिसर्च मेथाडोलॉजी (अनुसंधान कार्य प्रणाली) विषय पर शनिवार को एक दिवसीय सी.एम.ई./कार्यशाला का आयोजन पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में किया गया। इस संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पीयू के फामेर्सी संस्थान के निदेशक एवं इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. बी.बी. तिवारी ने कहा कि किसी भी अच्छे संस्थान की पहचान वहां पर होने वाले अनुसंधान से होती है। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जौनपुर एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले ऐसे कार्यक्रम संस्थान एवं वहां अध्यनरत छात्रों की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक होगी। इससे नवाचार के साथ-साथ चिकित्सा के क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा जिसका लाभ सीधे मरीजों के रोग का निदान करने वाले चिकित्सकों को मिलेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) शिव कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि अनुसंधान कार्य प्रणाली से संबंधित ऐसी कार्यशाला से पीयू एवं चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों एवं संकाय सदस्यों को अनुसंधान के बारे में जानने एवं अनुसंधान करने में आशातीत सफलता मिलेगी। इस अवसर पर प्रशिक्षक संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के डॉ. प्रभाकर मिश्रा, डिपार्मेंट आफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के डॉ. मोहन गुर्जर, हेड डिपार्टमेंट ऑफ हिस्टोलॉजी के डॉ. अमित गोयल ने अनुसंधान कार्यप्रणाली के विभिन्न अंगों एवं अनुसंधान से संबंधित विभिन्न गुणों के बारे में विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी के सभी वक्ताओं ने अनुसंधान कार्यप्रणाली, रिसर्च पब्लिकेशन तथा फाइनेंशियल सपोर्ट के संबंध में आधारभूत समस्याओं पर विचार व्यक्त करते हुए अपने रिसर्च के बारे में प्रकाश डाला। इससे एम.बी.बी.एस. प्रथम वर्ष के छात्रों से लेकर संकाय सदस्यों तक लाभ मिलेगा। ज्ञात हो कि मेडिकल काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा इस कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों को तीन क्रेडिट आवर प्रदान किए जायेंगे। इस अवसर पर कार्यशाला के ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेट्री एवं को-ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेट्री क्रमशः डॉक्टर एकांश राठौरिया, डॉ. ए.ए. जाफरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. रिचा राठौरिया, मेडिकल कॉलेज जौनपुर तथा डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय को-ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेट्री, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने अपने उद्गार व्यक्त किये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की तरफ से प्रो. देवराज सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ० प्रमोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार (मीडिया प्रभारी), डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ० पुनीत सिंह, डॉ. आलोक दास एवं शोध छात्र उपस्थित थे। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर की तरफ से संकाय सदस्य प्रो. (डॉ) तबस्सुम यासमीन, प्रो. रुचिरा सेठी, डॉ. आशीष यादव, डॉ० शशि पाण्डेय, डॉ० साधना, डॉ. भारती यादव, डॉ० दिव्या श्रीवास्तव, डॉ. अपूर्व झा, डॉ. कर्नल सीबीएस पटेल, डॉ. विनोद कुमार आदि संकाय सदस्य एवं एमबीबीएस छात्र-छात्रा, सुशील कुमार, अविनाश सिंह, चंद्रमणि चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन सत्र में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के छात्र अधिष्ठता कल्याण, प्रो० अजय द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में रहें। समापन सत्र में इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। अंत में ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेट्री डॉक्टर एकांश राठौरिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह 'पिंटू' ने महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से राजभवन में स्नेहिल भेंट की

प्रखर रामनगर। भाजपा काशी क्षेत्र के मीडिया संयोजक सत्येंद्र सिंह 'पिंटू' ने शुक्रवार को गंगटोक स्थित राजभवन में सिक्किम के महामहिम राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी स्नेहिल मुलाकात कर उनका सान्निध्य प्राप्त किया। वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह पिंटू ने बताया कि महामहिम जी ने अपनी व्यस्ततम दिनचर्या के वाबजूद स्वयं पूरे राजभवन को घुमाया तथा सिक्किम की लोक कलाओं,संस्कृति और ऐतिहासिक पहलुओं के संदर्भ में ज्ञानवर्धक जानकारी दी। आगे उन्होंने बताया कि एक अभिभावक के रूप में वह सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहे हैं। महामहिम जी के आतिथ्य और आत्मीयता को देखकर उन्हें यह यकीन हो गया कि शीर्ष पर होते हुए भी कैसे अपनो से अपनत्व बनाया जाता है।



## मोदी- योगी सरकार के किए गए सारे दावे फेल : शैलेंद्र यादव ललई

प्रखर शाहगंज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर सपाइयों ने शनिवार को जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साइकिल यात्रा पारसनाथ गोवर्धन यादव कॉन्वेंट स्कूल तिघरा से निकाली। समाजवादी पार्टी की सरकार के पूर्व ऊर्जा एवं नियोजन राज्य मंत्री तथा शाहगंज के पूर्व विधायक शैलेंद्र यादव ललई ने रैली को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र के लिए रवाना किया।यह साइकिल यात्रा तिघरा तिराहे से खुटहन चौराहे पर पहुंची। वहां से पिलकिच्छा और फिर बदलापुर के लिए रैली रवाना हुई। पूर्व ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र के अस्तित्व को समाप्त करना चाहती है।

## मॉरीशस गणराज्य के माध्यम से 52 अफ्रीकन देशों में होगा निर्यात आयात शुल्क मुक्त व्यापार : राजेश कुमार सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के उद्यमियों की बैठक मॉरीशस गणराज्य के केंद्रीय मंत्री के साथ हुई बंगलौर स्थित श्री परिपूर्ण सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मॉरीशस गणराज्य के (भू परिवहन एवं रेल मंत्री पूर्व विदेश मंत्री) श्री एलन गन्नू जी का लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के उद्यमियों ने अंगवस्त्र देकर स्वागत सम्मान किया राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के अनुरोध पर मॉरीशस के केंद्रीय मंत्री एलन गन्नू ने लघु उद्योग भारती के उद्यमियों को ट्रेड फेयर लगवाने तथा हथकरघा व हस्तशिल्प उत्पादों को आयात शुल्क मुल्क करवाने का भरोसा दिलवाया साथ ही काशी के हस्तशिल्प वस्तुएं (गुलाबी मीनाकारी, लकड़ी खिलौना, रेशमी वस्त्र) की प्रदर्शनी के लिए सेंटर उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया श्री एलन गन्नू ने बताया की मॉरीशस 52 अफ्रीकन महाद्वीप के अंतर्गत एक द्विप है जहां अफ्रीकन देशों में मुक्त व्यापार संधि है जिससे मॉरीशस के माध्यम से भारतीय उत्पादों का 52 अफ्रीकन देशों में निर्यात करने पर पूरे अफ्रीकन देशों की मुक्त व्यापार संधि छूट का लाभ भारतीय उत्पादों को मिलेगा` राजेश कुमार सिंह ने बताया की मॉरीशस के केंद्रीय मंत्री के आमंत्रण पर काशी के उद्यमियों का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही मॉरीशस जाएगा ,काशी के प्रसिद्ध हस्तशिल्प उद्यमी सर्वेश श्रीवास्तव ने मॉरीशस गणराज्य के केंद्रीय मंत्री एवं प्रतिनिधियों के समक्ष बनारसी साड़ी सहित सिल्क वस्त्रों का प्रदर्शन किया लघु उद्योग भारती से जुड़े काशी, बंगलोर के कई उद्यमियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



# आरएस वर्ल्ड स्कूल में काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राजातालाब खजूरी स्थित आर एस वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन आर एस वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया इस आयोजन में तीन स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें 10 से 18 वर्ष,18 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष के ऊपर प्रतिभागी भाग ले सकते है इस अवसर पर इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया और नृत्य संगीत नुक्कड़, नाटक आदि का प्रदर्शन किया इस विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ` कार्यक्रम का उद्घाटन आर०एस० वर्ल्ड स्कूल के मुख्य ट्रस्टी रविंद्र जायसवाल (स्टांप पंजीयन मंत्री उ0प्र0 सरकार) ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया` इस अवसर पर जिला अध्यक्ष और एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, पद्म श्री चंद्रशेखर सिंह, जिला भाजपा महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, की गरिमामयी उपस्थिति रही` इस कार्यक्रम का संयोजन बी.डी.ओ. विजय कुमार जायसवाल ,एबीएसए शशिकांत श्रीवास्तव द्वारा किया गया काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ 1 सितंबर को हुआ इस कार्यक्रम का आयोजन 1 सितंबर से 24 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य काशी की सांस्कृतिक विरासत से विश्व को परिचित कराना है तथा नई प्रतिभाओं को बड़ा मंच प्रदान करना है और उन्हें एक पहचान देनी है` काशी की विलुप्त हो रही विरासत को एक नई पहचान देने के लिए ब्लॉक लेवल पर इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से आयोजन किया जा रहा है इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगें 8 सितंबर से 12 सितंबर तक आर. एस. वर्ल्ड स्कूल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है विद्यालय के छात्रों ने गणेश वंदना से मुख्य अतिथि एवं विभिन्न अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर विद्यालय की छात्र- छात्राओं ने कजरी गीत प्रस्तुत किया` इस अवसर पर मुख्य अतिथि रविंद्र जायसवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए का कहा की कजरी हमारे देश की प्राचीन विरासत है और मुझे प्रसन्नता है कि आर एस वर्ल्ड प्रशासन ने इस कला को अपने यहां जीवित रखा है छोटे-छोटे बच्चों ने इस कला को इतने सुंदर रूप में प्रस्तुत किया है और अतिथियों का मन मोह लिया उन्होंने यह भी कहा की काशी संगीतज्ञों और पद्मश्री की भूमि है और यहां के कलाकारों ने देश-विदेश में अपनी कला का परचम लहराया है अरविंद सिंह ने मंच संचालन किया और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई` विद्यालय के वाइस चेयरमैन आयुष जायसवाल ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि एवं विभिन्न अतिथियों का स्वागत किया।




## नाद नदी व पर्यावरण को बचाने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

प्रखर पिंडरा वाराणसी। नदी केवल मात्र जल प्रवाह का केंद्र नही बल्कि हमारी संस्कृति है। किसी संस्कृति के खत्म होने का तात्पर्य है कि उसके धर्म का खत्म होना। आज हम लोगों के सामने यही स्थिति बनी हुई। इसके लिए जागरूक होने की जरूरत है। तभी हमारी धर्म और संस्कृति बचेगी। उक्त वाटर वूमेन के नाम से प्रसिद्ध शिप्रा पाठक ने फूलपुर में नाद नदी के किनारे आयोजित एक जन जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहाकि आज नदियों के अस्तित्व जिसतरह अद्योगिकीकरण और आधुनिकीकरण में खत्म हो रहे हैं , वह केवल नदियां तक ही नही सीमित हैं बल्कि हम लोगों के जीवन संकट में है। उन्हें बचाने के लिए नदियों के साथ पर्यावरण को संरक्षित करने की जरूरत है। भारत संचेतना अधिष्ठानम काशी के तत्वावधान में आयोजित गंगा गोमती वरुणा सई नदी संवाद और वृक्षारोपण अभियान को सम्बोधित करते हुए प्रकृति चिंतक डॉ सुरेश जी ने कहाकि धर्म संस्कृति के पोषक हमारी नदिया रही। नदियों के किनारे ही जीवन बसा। लेकिन जिसतरह ह्रास हो रहा उसे केवल पेड़ और मेड़ की संस्कृति ही बचा सकती है। यह सम्भव है जैविक व प्राकृतिक खेती से । आज हम लोगों को इसको समझने की जरूरत है। सेवानिवृत्त सैनिक ओमप्रकाश दीक्षित ने कहाकि हमे अपने पूर्वजों के आचार और विचार को अपनाना होगा। अध्यक्षता संजय सिंह व संचालन आनंद प्रकाश व स्वागत बृजेश पटेल धन्यवाद आयोजक हरिशंकर सिंह ने किया।



# जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया स्वर्गीय रामनाथ यादव के मूर्ति का अनावरण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । देश मे दो तरह के लोग राजनीति करते हैं जिसमें एक तरह के लोग समाज सेवा करते है तो दूसरी तरह के लोग राजनीति के नाम पर दूकानदारी करते है।और वे लोग जो दुकानदारी करते है वह नहीं चाहते थे कि स्व रामनाथ यादव जी के मूर्ति का अनावरण हो सके यह बात जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मा मनोज सिन्हा ने आज बाराचवर के पुर्व ब्लाक प्रमुख स्व रामनाथ यादव के आदम कद प्रतिमा का अनावरण अमरनाथ पूर्वांचल इंटर कालेज सहजतपुर बाराचवर के प्रांगण मे स्थापित मूर्ति का अनावरण करते हुए कहा उन्होंने कहा कि मै अपने गुरु को प्रणाम करता हूं और धन्यवाद देता हूं नीरज शेखर जी को जिन्होंने प्रतिमा अनावरण का यह अवसर प्रदान कराया। मनोज सिन्हा ने कहा कि रामनाथ जी अंग्रेजी के एक अच्छे अध्यापक थे उन दिनों जनपद में बहुत ही कम ही लोग उनके जैसे थे और वह गिरोह से अलग हटकर राजनीति करते थे। और राजनीति में परेशानियां आती है और जो घबरा गया वह टूट गया। उन्होंने कहा कि राजनीति में गिरावट आई है लोहिया जी के नाम से राजनीति तो लोग करना चाहते हैं लेकिन उनके आचरण और आदर्श नही अपनाना चाहते। ऐसे लोग देश और समाज को धोखा देते हैं । भारत से पिछे बहुत देश आजाद हुए लेकिन आज हमसे बहुत आगे है। लेकिन आज विदेशों में भारतीय पासपोर्ट की बहुत कद्र है। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था का देश बनने जा रहा है और विश्व में मजबूती से स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को सोने की चिड़िया कहलाने का स्थान और सम्मान दिलाना है । उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों, आविष्कारों, अध्यापकों, सामानो के निर्माण आदि से पुर्व मे राष्ट को जो गौरव प्राप्त था वह सोने की चिड़िया होने का था । उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री का आभारी होगा प्रधानमंत्री के नई शिक्षा नीति के लिए जो भारत को पहले की स्थिति में पहुंचा सकता है। जिससे भारत अपने पूर्व के गौरव को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि जी 20 सम्मेलन में दुनिया का भविष्य तय होगा, गर्व की बात है कि आज भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है । कहा कि किसी का किसी भी राजनीतिक दल से वास्ता हो सकता है,लेकिन भारत का विकास और सम्मान बढे यह उसके राजनीति का ध्येय होना चाहिए, राजनीति का व्यापार करने वालों को जनता जवाब दे, हमारी जिम्मेदारी है, की हम कैसी व्यवस्था चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है आपको बचन देकर जा रहा हूं जम्मू-कश्मीर को भारत के साथ पूरी तरह से एकजुट करके भारत को मजबूत करके रहूंगा, और आपके सपनों को पुरा करुंगा। राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि स्व रामनाथ जी के 13 वर्ष पूर्ण हुए निधन पर 10 वर्ष से ज्यादा इस मूर्ति को बने हो गया। मेरे लिए आज विशेष प्रसन्नता का दिन है, आभार प्रकट करना चाहूंगा मैं मनोज सिन्हा जी का जिन्होंने अपना अवसर दिया। विगत दस वर्षो मे बहुत प्रयास किया गया था इस मूर्ति के अनावरण का लेकिन संभव नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि अनुरोध किया गया था आज के इस मौके पर सभी राजनैतिक दलों के कार्यकताओं से उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यकर्ता तो दिख रहे लेकिन नेता नदारद है। उन्होंने कहा कि मनोज सिन्हा जैसे लोगों से राजनीति का स्तर बढ़ रहा है। इस अवसर पर बाराचवर के पुर्व ब्लाक प्रमुख स्व रामनाथ यादव के आदमकद प्रतिमा का अनावरण पुजा और मंत्र उच्चारण से हुआ। अतिथियों का सम्मान स्व रामनाथ के दोनों पुत्रों ने स्मृति चिन्ह और शाल भेंटकर किया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने स्वागत भाषण किया ?।

अध्यक्षता पुर्व विधायक विरेन्द्र सिंह एवं संचालन सानन्द सिंह ने किया। इस अवसर पर इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बिजेंद्र सिंह, पुर्व विधायक कालीचरण राजभर, विजय मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, कृष्ण बिहारी राय, विजय शंकर राय, सुनील सिंह, प्रो शोभनाथ यादव, ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, रामनरेश कुशवाहा, अच्छेलाल गुप्ता, शशिकांत शर्मा, राजेश राजभर, शिवशंकर गुप्ता, बासुदेव पांडेय, धनेश्वर बिंद, सहित आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### बारिश के पानी की निकासी नहीं, ये है नगर पालिका का सुंदरीकरण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद में रुक रुक कर हो रही बारिश से जहाँ लोगों को उमस से राहत दे रही है वही नगर वासियों को तमाम समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। नगर के चौराहों पर फब्बारा दिख रहा है लेकिन बदहाल सड़के तथा जाम पड़ी नालियां नगर पालिका को मुंह चिढ़ा रही है।शनिवार की सुबह हुईं बारिश ने नगर में साफ सफाई की पोल खोल दी। नगर पालिका जहाँ नगर की नाली नाले के साफ सफाई का दावा ठोक रही है वही सुबह हुईं बारिश ने नपा की सफाई को मुंह चिढ़ा रही है। नगर के विभिन्न मार्गों पर नाले के जाम होने के कारण बारिश के साथ ही नाली का गंदा पानी सड़क पर फैलने के कारण जहाँ आवागमन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वही लोग गंदे पानी में होकर गुजरने के लिए मजबूर दिख रहे हैं। नगर के टैक्सी स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय, सकलेनाबाद, लंका, नई बस्ती, मिश्र बाजार चौराहा सहित अन्य मार्ग पर बारिश के दिनों में सड़क पर जलजमाव की स्थिति बनीं रहतीं है।

### दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली पुलिया को तोड़कर समतल बनाने में जुटा प्रशासन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रेवतीपुर विकासखंड क्षेत्र के हसनपुर नसीरपुर मार्ग पर स्थित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली जर्जर हो चुकी पुलिया को जिला अधिकारी आर्यका अखोरी के निर्देश पर जेबीसी से तोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। महकमें के अनुसार वर्तमान समय में फिलहाल इसे समतल कर आवागमन लायक बनाया जाएगा। इसके निर्माण के लिए शासन को करोड़ों रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव मंजूर होने व धनराशि के अवमुक्त होते ही इसका पुनः निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। युवा भाजपा नेता व पूर्व पीसीएस अधिकारी मनोज राय ने गत दिनों जिला अधिकारी से मिलकर एक पत्रक देकर मांग की थी कि क्षतिग्रस्त पुलिया को किसी तरह से हादसे से बचने के लिए तोड़कर नया बनाया जाए ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत हो सके। जिला अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देश दिया कि इस क्षतिग्रस्त पुलिया को सुरक्षा की दृष्टि से जल्द तोड़ा जाए। बताते चलें कि वर्ष 1996 में तत्कालीन सांसद एवं वर्तमान में जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा के प्रयास से इस पुलिया का निर्माण कराया गया था। विभागीय उपेक्षा एवं मरम्मत नहीं होने की वजह से पुलिया जर्जर हो चुकी है। पुलिया वर्ष 2013 में आई बाढ़ के चलते क्षतिग्रस्त से हो गई थी। इसके बावजूद क्षेत्रीय ग्रामीण जान जोखीम में डालकर इस पुलिया से होकर आवागमन करते रहे। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग खंड प्रथम के एई आर के पाल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिया को तोड़कर समतल कर इसे आवागमन लायक बनाया जाएगा। शासन से धनराशि जारी होते ही इसका पुनर्निर्माण कराया जाएगा।


### जेसीआई काशी शिवा के तत्वाधान में जेसी सप्ताह का सर्वाइकल कैंसर जागरूकता का सफल आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जेसीआई काशी शिवा द्वारा आयोजित 'जैथरा जेसी सप्ताह के प्रथम दिवस पर 9 सितम्बर शनिवार कों अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में शहर की नामी गयनेकोलॉजिस्ट डॉ तनवी अग्रवाल ने महाविद्यालय की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी उन्होंने छात्राओं को बताया की अगर सही समय पे अगर पहचान हो जाए तो ये सही हो सकता है उन्होंने इसके रोक थाम के लिए आए नए वैक्सीन के बारे में भी जानकारी दी लगभग 80 छात्राओं ने प्रोग्राम में सहभागिता की डॉ संगीता बनर्जी इंटर कॉलेज की प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के लिए डॉ साहिबा एवं जेसीआई काशी शिवा को धन्यवाद ज्ञापन किया और आग्रह किया की आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रम निरन्तर करें आज के कार्यक्रम में संयोजक जेसी पंकज नागवंशी व सह- संयोजक जेसी रॉबिन चौरसिया एवं जेसी अच्युत गोयल रहे अध्याय अध्यक्ष जेसी सिद्धार्थ गुप्ता के साथ सदस्यों में जेसी श्याम जालान, जेसी परितोष पांडेय ,जेसी मयूरेश अग्रवाल, जेसी नरेश चौरसिया ,जेसी धीरज प्रजापति, लेडी जेसी पूजा गुप्ता , स्वीटी बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

### सेवा कार्यो मे अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुरः एम एल सी बृजेश सिंह 'प्रिंशू'

प्रखर जौनपुर। जेसीआई जौनपुर प्रत्येक वर्ष 9 से 15 सितंबर के बीच जेसी सेवा सप्ताह आयोजित करता है जिसका शुभारंभ सदस्य विधान परिषद माननीय बृजेश सिंह प्रिंसू जी के कर कमलों द्वारा कोतवाली चौराहे पर फीता काटकर किया गया। संस्थाध्यक्ष जेसी दिलीप सिंह द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। जेसी सेवा सप्ताह के चेयरमैन हफीज शाह ने पूरे सप्ताह में किए जाने वाले सेवा कार्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि माननीय बृजेश सिंह प्रिंसू ने संस्था द्वारा वर्ष पर्यंत किए जाने वाले कार्यों की सराहना की तथा जेसी सप्ताह में सेवा कार्यों को करने के लिए संस्था अध्यक्ष ,चेयरमैन व पूरी संस्था को शुभ शुभकामनाएं दीं। इसी क्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक सेठ ने कहा कि अगर हर व्यक्ति जेसी आस्था पाठ को अपने अंदर समाहित कर ले तो वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। सेवा सप्ताह के प्रथम दिन संस्था द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी एवं डॉ हर्ष विक्रम सिंह द्वारा लगभग 145 मरीजों की जांच की गई तथा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। तत्पश्चात सदर हॉस्पिटल जौनपुर में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया जिसमें सौम्या केसरी, मोहम्मद सारीब, जीतेन्द्र गुप्ता, गौरव सेठ, आलोक सेठ सहित लगभग 12 लोगों ने ब्लड डोनेशन भी किया कार्यक्रम का संचालन जेसी प्रदीप सिंह द्वारा किया गया और कार्यक्रम उपरांत संस्था सचिव आकाश केसरवानी द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त अवसर पर दिवस प्रभारी पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल, शशांक सिंह रानू, संजय गुप्ता मण्डल अधिकारी गौरव सेठ, धर्मेन्द्र सेठ, पूर्व अध्यक्ष रत्नेश गुप्ता, संजय बैंकर ,को चेयरमैन रंजीत सिंह सोनू, सर्वेश गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, राजकुमार जायसवाल, संतोष अग्रहरि मेडिकल, रमेश श्रीवास्तव, रतन सिकरी, विशाल वर्मा,भरत सेठ, कृष्ण गोपाल जायसवाल, अजय नाथ जायसवाल, रितुल पाठक, राज साहू, अभिषेक बैंकर, मोहित मौर्या, अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### 107 अल-शबाब लड़ाकों ने किया आत्मसमर्पण

**मोगादिशू।** सोमालिया के आतंकवाद विरोधी केंद्र ने कहा है कि जुलाई और अगस्त के बीच लगभग 107 अल-शबाब लड़ाकों ने सरकारी सेनाओं के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नेशनल सेंटर फॉर प्रिवेंटिंग एंड काउंटरिंग वायलेंट एक्सट्रीमिज्म के निदेशक अब्दुल्लाही मोहम्मद नोर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आतंकवादियों ने चार राज्यों हिर्शबिले, गाल्मुदुग, दक्षिण-पश्चिम और जुबालैंड राज्यों में आत्मसमर्पण किया। निदेशक ने सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में पत्रकारों से कहा, आत्मसमर्पण करने वालों में कट्टरपंथी बने छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं और समूह कमांडर शामिल हैं और उन्हें माफी की पेशकश की जाएगी और फिर पुनर्वास के लिए ले जाया जाएगा।

### यूएई में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में एयरलाइन एरोगल्फ का एक हेलीकॉप्टर यहां के तट से दूर खाड़ी सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने जीसीएए के हवाले से शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना बृहस्पतिवार रात को प्रशिक्षण सा के दौरान हुई, जब मिस्र और दक्षिण अफ्रीका के दो पायलटों को लेकर बेल 212 हेलिकॉप्टर ने अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। आपातकालीन सेवाओं ने मलबा बरामद कर लिया है और अभी भी चालक दल के सदस्यों की तलाश कर रहे है। जांच टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गयी है।

### माली : विद्रोहियों के हमलों में 49 नागरिकों की मौत

**बमाको।** माली के अशांत उत्तरी क्षेत्र में विद्रोहियों ने बृहस्पतिवार को दो हमले किए जिसमें 49 नागरिकों और 15 सैनिकों की मौत हो गई। सरकारी टेलीविजन ने सैन्य शासन के बयान के हवाले से यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, नाइजर नदी पर टिम्बकटू शहर के पास एक यात्री नाव और गाओ क्षेत्र के बंबा में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया गया। इसमें बताया गया कि इन हमलों की जिम्मेदारी इस्लामी चरमपंथी विद्रोही समूह जेएनआईएम ने ली है जो अल-कायदा के जुड़ा है। माली की सरकार ने बताया कि सुरक्षाबलों की इन हमलों को लेकर जवाबी कार्रवाई में करीब 50 हमलावर मारे गए हैं। देश में मारे गए नागरिकों और सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार से तीन दिनों का शोक घोषित किया गया है।

### मणिपुर में हिंसा की घटनाओं में दो की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में तेंगनोउपल जिले के पल्लेल इलाके में शुक्रवार को गोलीबारी की दो घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि घायलों में चार आम नागरिकों को गोली लगी है। उन्होंने बताया कि पल्लेल में सुबह लगभग छह बजे दो समूहों के बीच गोलीबारी शुरू हो गयी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि काकचिंग जीवन अस्पताल में उसे मृत स्थिति में लाया गया जबकि गोली लगने से घायल हुए अन्य लोगों को इंफाल ले जाया गया। यहां क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों ने बताया कि यहां भर्ती गंभीर रूप से घायलों में एक व्यक्ति की हालत नाजुक है। गोलीबारी की खबर फैलने पर थाउबाल और काकचिंग जिलों के विभिन्न हिस्सों से कई लोग पल्लेल की ओर बढे लेकिन असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोक दिया, जिससे उनके बीच संघर्ष की स्थिति टल गयी।

# खड़गे को जी-20 रात्रिभोज में आमंत्रित न करने पर भड़के राहुल गांधी

**ब्रसेल्स (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जी20 रात्रिभोज में राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आमंत्रित नहीं किए जाने को लेकर शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार देश की 60 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले विपक्षी नेताओं को महत्व नहीं देती।



■ कहा, सरकार विपक्षी नेताओं को नहीं देती महत्व

उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि भारत में महात्मा गांधी के दृष्टिकोण और नाथूराम गोडसे के दृष्टिकोण के बीच की लड़ाई है तथा विपक्षी दल यह सुनिश्चित करेंगे कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और आजादी पर हमला बंद हो। राहुल गांधी इन दिनों यूरोप के दौरे पर हैं।

जी20 रात्रिभोज के लिए खड़गे को आमंत्रित नहीं किए जाने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा, 'इसमें विपरीत बात क्या है? उन्होंने (सरकार) विपक्ष के नेता को आमंत्रित नहीं करने का फैसला किया है। यह आपको कुछ बताता है। यह आपको बताता है कि वे भारत की 60 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं (विपक्ष) को महत्व नहीं देते हैं। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में लोगों को सोचना चाहिए। उन्हें ऐसा करने की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है और इसके पीछे किस प्रकार की सोच है।

राहुल गांधी ने 'इंडिया' और 'भारत' से जुड़े विवाद पर कहा, 'संविधान में देश का नाम 'इंडिया, जो भारत है'... मैं उससे पूरी तरह खुश हूं। मुझे लगता है कि यह (नाम बदलने की बात) घबराहट में किया गया है, ध्यान भटकाने का प्रयास किया गया। हमने अपने गठबंधन को 'इंडिया' नाम दिया है... इससे प्रधानमंत्री परेशान हो गए कि वह देश का नाम बदलना चाहते हैं।' उन्होंने आरोप लगाया, 'जब हम अडाणी या मित्रवादी पूंजीपतियों का नाम लेते हैं तो प्रधानमंत्री ध्यान भटकाने की तरकीब लेकर आ जाते हैं। जब मैंने अडाणी मामले पर संवाददाता सम्मेलन किया तो ध्यान भटकाने का पूरा प्रकरण हुआ।'

यूरोपीय संघ के सांसदों के साथ बृहस्पतिवार को हुई बातचीत के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, भारत और यहां पर जो हो रहा है उस बारे में विचारों का आदान-प्रदान हुआ है...सांसदों के साथ हमने भारत और यूरोप के संबंधों के बारे में बात की...यह बहुत सार्थक बातचीत थी।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत के सामने खड़ी आर्थिक चुनौतियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले के बारे में भी बात हुई। कांग्रेस नेता ने एक सवाल के जवाब में यह भी कहा, भारत में लोकतंत्र के लिए लड़ाई हमारी जिम्मेदारी है, हम इस जिम्मेदारी को निभाएंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी संस्थाओं, आजादी पर हमला बंद हो।

# पाक : ईसाई विरोधी हिंसा ने बरपाया कहर

■ **इस्लामाबाद (वार्ता)।**

पाकिस्तान में हाल की ईसाई विरोधी हिंसा के दौरान 20 से अधिक चर्चों और ईसाई समुदाय के सदस्यों के 200 से अधिक घरों में तोड़फोड़ की गई है। पाकिस्तान में रूस के बाहरी रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च (आरओसीओआर) के एकमात्र पादरी जोसेफ फारूक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, इक्कीस चर्चों और ईसाइयों के 200 घरों में तोड़फोड़ की गई। इसके अलावा पवित्र ग्रंथ बाइबिल की कई सौ प्रतियां भी नष्ट कर दी गईं। जरनवाला शहर में अगस्त के मध्य में हिंसा भड़क उठी थी। पादरी ने बताया कि कुछ लोगों ने स्थानीय ईसाइयों पर कुरान के पन्ने फाड़ने और इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद के बारे में अपमानजनक शब्द लिखने का झूठा आरोप लगाया। पादरी ने कहा, उन्होंने मस्जिद में ऐसी घोषणाएं कीं और भीड़ ईसाइयों के खिलाफ इकट्ठा हो गई। उन्होंने उनके घरों, चर्चों और पवित्र बाइबिल की प्रतियों को नष्ट कर दिया।

■ 20 से अधिक चर्च और दो सौ घरों में तोड़फोड़

पीड़ितों से मुलाकात करने वाले फादर जोसेफ ने कहा, लोगों ने मुझे बताया कि भीड़ ने उनके घरों से कीमती चीजें चुरा लीं। उन्होंने संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया, सारी संपत्ति, सबकुछ क्षतिग्रस्त हो गया, सबकुछ। लोग असहाय महसूस कर रहे थे, लोग रो रहे थे। फारूक ने कहा कि यह ईसाई समुदाय के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि उनमें से ज्यादातर गरीब हैं और उन्हें अपने मुस्लिम जमींदारों के लिए काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा,वे अपनी रोजी रोटी के लिए बहुत मेहनत करते और पसीना बहाते हैं। पादरी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हिंसा सुनियोजित तरीके से समन्वित की गयी थी। उन्होंने बताया कि चरमपंथियों ने मस्जिदों में घोषणाएं करके, भीड़ इकट्ठा करके और भीड़ को ईसाइयों के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाना शुरू कर दिया।

उन्होंने कहा कि हिंसा के दौरान कई मुस्लिम निर्दोष ईसाइयों की रक्षा करने और उन्हें आश्रय प्रदान करने के लिए आगे आए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में अधिकांश मुसलमान अच्छे है और दयालु हैं और वे ईसाइयों के साथ मित्रवत हैं। केवल एक छोटा वर्ग अल्पसंख्यक कट्टरपंथी इस्लाम का पालन करता है। ऐसी हिंसा के कारणों के बारे में पूछे जाने पर पादरी ने पाकिस्तान में चल रहे आर्थिक संकट के कारण शिक्षा की कमी और आक्रामकता का उल्लेख किया।

## उ. कोरिया ने किया परमाणु संपन्न पनडुब्बी विकसित करने का दावा



**सियोल (भाषा)।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने कथित परमाणु हमला करने वाली पनडुब्बी का निर्माण कर लिया है जिस पर वह वर्षों से काम कर रहा था। इस कदम को उत्तर कोरियाई राष्ट्रपति किम जोंग उन ने परमाणु-संपन्न नौसेना बनाने के अपने प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण बताया है जिसे वह अमेरिका और उसके एशियाई सहयोगियों का मुकाबला करने के लिए विकसित करने का दावा करते हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि 'हीरो किम कुन ओके' नामक पनडुब्बी को पानी के भीतर से सामरिक परमाणु हथियारों का उपयोगी करने के लिए बनाया गया है। पनडुब्बी को लेकर यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह कितने मिसाइलों को ले जाने और दागने में सक्षम है।

केसीएनए ने बताया कि बुधवार को पनडुब्बी के जलावतरण समारोह और बृहस्पतिवार को इसके निरीक्षण के दौरान किम ने संतोष व्यक्त किया कि देश ने अमेरिका के उन्नत नौसैनिक हथियारों का मुकाबला करने के लिए अपनी परमाणु हमले करने में सक्षम पनडुब्बी हासिल कर ली है। अमेरिका ने वर्ष 1980 के दशक के बाद पहली बार जुलाई में दक्षिण कोरिया में परमाणु हमला करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी को तैनात किया था।

# 12 साल की जेल काटने के बाद किशोर होने का मिला फायदा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसे व्यक्ति को रिहा करने का आदेश दिया है, जो हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद 12 साल से अधिक जेल में काट चुका है। अदालत ने कहा कि 2005 में जब अपराध किया गया था, तब वह किशोर था।

■ 34 साल की उम्र में मिला किशोरावस्था का लाभ, हत्या के आरोप से बरी

■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वारदात के समय 16 साल थी किशोर की उम्र

जस्टिस बीआर गवई, पीएस नरसिम्हा और संजय कुमार की बेंच ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की मई 2023 की रिपोर्ट का उल्लेख किया जिनसे अभियुक्त द्वारा दायर किशोर होने संबंधी याचिका के संबंध में जांच करने को कहा गया था। अभियुक्त ने कहा था कि उसकी जन्मतिथि दो मई, 1989 है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर याचिकाकर्ता की जन्मतिथि दो मई, 1989 है तो अपराध की तारीख यानी 21 दिसंबर, 2005 को वह 16 साल सात महीने का था। इस हिसाब से अपराध करने की तारीख पर याचिकाकर्ता किशोर था।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की उस याचिका पर आदेश सुनाया जिसमें किशोर न्याय (बाल देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अनुसार उसके किशोर होने के दावे का सत्यापन करने का अनुरोध किया गया। उसने कहा कि कानून के प्रावधानों के अनुसार याचिकाकर्ता अधिकतम तीन साल हिरासत में रह सकता है। अदालत ने कहा कि चूंकि हमारे सामने मौजूदा रिट याचिका (2022 में दायर) में पहली बार किशोरावस्था की दलील रखी गई थी, इसलिए 2005 में शुरू हुई आपराधिक कानून की प्रक्रिया के कारण याचिकाकर्ता को दोषी ठहराया गया और निचली अदालत, हाई कोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता 12 साल से अधिक समय जेल में बिता चुका है।

## हांगकांग शहर में बारिश ने तोड़ा 139 साल का रिकार्ड

**हांगकांग (वार्ता)।** हांगकांग में शक्तिशाली तूफान हाइकुई के कारण बृहस्पतिवार रात से जारी मूसलाधार वर्षा ने 139 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

हांगकांग वेधशाला (एचकेओ) ने बताया कि बृहस्पतिवार रात से देश के अधिकांश क्षेत्रों में 70 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई जबकि न्यू टेरिटरीज के उत्तर-पूर्वी हिस्से और हांगकांग द्वीप पर 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है।

इस बारिश से द्वीप पर वर्ष 1884 में हुई बारिश का रिकॉर्ड टूट गया है। प्राकृतिक संबंधी आपदाओं को नियांण रखने एवं इससे बचाव के लिए निकासी सेवा विभाग (डीएसडी), राजमार्ग विभाग (एचवाईडी), गृह मामलों के विभाग (एचएडी) और संबंधित विभागों सहित कई एचकेएसएआर सरकारी विभाग संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। यहां भारी बारिश से अचानक आई बाढ़ से निपटने के लिये किये गये प्रयासों को लेकर हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षे (एचकेएसएआर) सरकार ने अपने सभी विभागों को जबाव देने का निर्देश दिया है। देश के अधिकांश हिस्सों में जारी मूसलाधार वर्षा से अचानक बाढ़ आने की आशंका के चलते, एचएडी ने आपातकालीन समन्वय केंद्र को सक्रिय किया और लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए शिविर खोले गये। अब तक करीब 12 शिविरों में लोगों को स्थानांतरित किया जा गया है।

## रूस जाने के लिए अलग रास्ता चुन सकते हैं किम

**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के अनुसार, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए रूस जाने वाले हैं। किम जोंग-उन उम्मीद से अलग रास्ता चुनकर एक आश्चर्यजनक कदम उठा सकते हैं।



■ पुतिन से यूक्रेन जंग में हथियारों की आपूर्ति पर बात करेंगे किम जोंग उन

इस हफ्ते की शुरुआत में, न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट दी थी कि इस यात्रा के दौरान किम जोंग, पुतिन से यूक्रेन जंग में हथियारों की आपूर्ति पर बात करेंगे। एनआईएस के एक अधिकारी के हवाले से कहा, जैसा कि न्यूयॉर्क टाइम्स से पता चला है, ऐसी संभावना है कि किम जोंग-उन उम्मीद से अलग रास्ता चुनकर एक आश्चर्यजनक कदम उठा सकते हैं।

बैठक के दौरान, एनआईएस के निदेशक किम क्यू-ह्यून ने कहा कि एजेंसी योजनाबद्ध यात्रा की बारीकी से निगरानी कर रही है और अन्य राष्ट्रीय जासूसी एजेंसियों के साथ खुफिया जानकारी साझा कर रही है क्योंकि उत्तर कोरिया और रूस के बीच शिखर सम्मेलन का अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 20 उत्तर कोरियाई अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अगस्त के अंत में व्लादिवोस्तोक की यात्रा की। रिपोर्ट में कहा गया है, व्लादिवोस्तोक के बाद किम के लिए एक संभावित पड़ाव वोस्तोचन कोस्मोड्रोम एक अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरिया अपने हथियारों के बदले रूस से उपग्रहों और परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों के लिए उन्नत तकनीक हासिल करना चाह सकता है।

# हिप्र के किन्नौर में भीषण भूस्खलन, शिमला से संपर्क टूटा

**रामपुर/शिमला (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में नेगुलसरी में राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर बृहस्पतिवार रात हुए भीषण भूस्खलन के बाद जिले का संपर्क राजधानी शिमला से पूरी तरह से कट गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

हालांकि, बृहस्पतिवार देर शाम सड़क पर वाहनों का आवागमन रोक दिए जाने के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कार्यकारी अभियंता के.एल. सुमन के मुताबिक भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग का लगभग 150-300 मीटर का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि इस रास्ते को पैदल पार करना भी संभव नहीं है।

अधिकारियों के मुताबिक, किन्नौर से आने वाले सेब से लदे ट्रक समेत बड़ी संख्या में वाहन सड़क पर फंसे हुए हैं। सेब उत्पादक चिंतित हैं कि अगर जल्द सड़क नहीं खोली गई तो उनकी उपज सड़ जाएगी।



अधिकारियों ने कहा कि सरकारी मशीनरी और कर्मियों को तैनात किया गया है, लेकिन पहाड़ियों से गिर रहे पत्थर सड़क खोलने के काम में बाधा डाल रहे हैं। इस बीच, राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने घटनास्थल का दौरा किया और अधिकारियों को युद्ध स्तर पर सड़क साफ करने का निर्देश दिया। जगत सिंह नेगी किन्नौर से ही विधायक हैं। उन्होंने ड्रोन कैमरों की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को फंसे हुए यात्रियों और सामानों को अलग मार्ग से अपने गंतव्य स्थानों तक भेजने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन की आशंका वाले 17,120 स्थल हैं, जिनमें 675 महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और बस्तियों के पास स्थित हैं। नेगुलसारी किन्नौर के जनजातीय जिले में 15 ऐसे प्राथमिकता वाले स्थलों में से एक है। जिले के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों में उरनी ढांक, बटसारी, नेसांग और पुरबनी जुल्हा शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश में 24 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से अब तक भूस्खलन की 164 घटनाओं में 111 लोगों की मौत हो चुकी है। मौजूदा मानसून सीजन के दौरान किन्नौर में पांच बार भूस्खलन हुआ है।

## अमेरिकी दबाव के बावजूद बांग्लादेश का रुख सराहनीय : लावरोव



**ढाका (वार्ता)।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के दबाव के बावजूद राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने वाली स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करने के लिए बांग्लादेश की सराहना की है। लावरोव भारत में शनिवार से होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए जाने से पहले बृहस्पतिवार को ढाका आये थे। वह शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधे होटल इंटरकांटिनेंटल पहुंचे और यहां विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमन के साथ विशेष बैठक की। रूसी विदेशमंत्री ने द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

## रूसी मिसाइल हमले में पुलिसकर्मी की मौत, 44 घायल

**कीव (एपी)।** मध्य यूक्रेन में राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में शुक्रवार को एक रूसी मिसाइल हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गयी जबकि कम से कम 44 अन्य घायल हो गये। आपात अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

■ रूस ने यूक्रेन पर रातभर हमला किया

यूक्रेन पर रूस ने रातभर हमला किया और यह उन्हीं हमलों में से एक था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के गृहमंत्री इहोर क्लीमेंखो ने बताया कि क्रीव्यी रिह में हमले में दस भवन क्षतिग्रस्त हो गये और मलबे से निकाले गये तीन लोगों की हालत गंभीर है। क्लीमेंखो द्वारा टेलीग्राम पर सार्वजनिक की गयी तस्वीरों में एक भवन से आग की लपटें उठती हुईं तथा आपात सेवाओं द्वारा घायलों को बचाते हुए देखा गया। उन्होंने बताया कि पूर्वी सुमी शहर में रूसी मिसाइल हमले में भी तीन लोग घायल हो गये। रूसी सैन्यबलों ने यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से में ओडेसा क्षेत्र को निशाना बनाया। एक सप्ताह में यह पांचवां ड्रोन हमला है। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक किपेर ने यह जानकारी दी। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। गवर्नर विताली किम ने टेलीग्राम पर बताया कि दक्षिणी क्षेत्र माइकोलाविव को भी निशाना बनाया गया। यूक्रेन के गृहमंत्रालय ने बताया कि दक्षिण यूक्रेन के जपोरिझिया में रूसी मिसाइल हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया।

# सनातन पर उदयनिधि के बयान से कोई सहमत नहीं : संजय राउत

**मुंबई (भाषा)।** तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की 'सनातन धर्म' पर की गई टिप्पणी को खारिज करते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने कहा है कि पूरे देश में गुस्सा भड़काना ठीक नहीं है और कोई भी उनके बयान से सहमत नहीं है। उदयनिधि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के बेटे हैं। द्रमुक विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों में से एक है। राउत ने कहा कि दक्षिण भारत के एक खास क्षेत्र का धर्म पर अलग दृष्टिकोण हो सकता है, लेकिन उसे इसे अपने तक ही सीमित रखना चाहिए।

राज्यसभा सदस्य ने बृहस्पतिवार को कहा, 'इस तरह की टिप्पणी करके पूरे देश का गुस्सा भड़काना सही नहीं है। उदयनिधि ने सनातन धर्म पर जो टिप्पणी की है, उससे कोई भी सहमत नहीं है। भले ही ऐसे विचार व्यक्तिगत हों, उन्हें इसे अपने तक ही सीमित रखना चाहिए।' राउत ने कहा, 'उनका निजी विचार हो सकता है



■ कहा, पूरे देश में गुस्सा भड़काना ठीक नहीं

■ उदयनिधि ने मलेरिया और डेंगू से की थी सनातन धर्म की तुलना

और यह द्रविड़ संस्कृति का हिस्सा हो सकता है।' इस सप्ताह की शुरुआत में, उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना मलेरिया और डेंगू से की थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस बयान के लिए 28 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' को निशाना बना रही है।

द्रमुक के लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा के बयान से विवाद और भड़क गया जब उन्होंने सनातन धर्म की तुलना कुष्ठ रोग और एचआईवी जैसी बीमारियों से की। इस टिप्पणी के बाद भाजपा ने कहा कि यह विपक्षी दलों की 'गहरे हिंदूफोबिया' को दर्शाती है।

राउत ने कहा कि हर धर्म में मान्यताएं और अंधविश्वास हैं, लेकिन छुआछूत जैसे मुद्दों पर विरोध की आवाज हिंदू धर्म के भीतर से उठी है। उन्होंने कहा, 'राजा राममोहन राय से लेकर ज्योतिबा फुले से लेकर बी. आर. आंबेडकर तक, देश ने कई महान समाज सुधारकों को देखा है, यही वजह है कि सनातन धर्म अभी भी देश में जीवित है।'

# यूक्रेन मुद्दे पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मोदी को सराहा

**नई दिल्ली (वार्ता)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने रूस-यूक्रेन युद्ध के माहौल में भारत की भूमिका को उचित बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों मुल्कों से शांति की अपील करते हुए अपने हितों को पहले स्थान पर रखकर सही काम किया है।



### मनमोहन की खास बातें

■ पीएम ने रूस-यूक्रेन से शांति की अपील करते हुए अपने हितों को पहले स्थान पर रखकर सही काम किया है

■ मुझे खुशी है कि रोटेशन के तहत जी-20 में भारत को अध्यक्षता करने का मौका मिला और मेरे लिए ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैं भारत को जी-20 की अध्यक्षता करते हुए देख रहा हूं

डॉ. सिंह ने एक अंग्रेजी दैनिक को दिए साक्षात्कार में कहा कि जब दो या उससे ज्यादा देशों के बीच तनाव होता है तो अन्य देशों पर किसी एक देश का चुनाव करने का अक्सर दबाव बन जाता है। यह स्थिति बहुत कठिन होती है लेकिन मोदी ने इस जटिल स्थिति में अपने देश को ज्यादा महत्व देने का विकल्प चुनकर अपनी संप्रभुता की रक्षा की है और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी यह भूमिका सही थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शांति की अपील करके भारत ने बेहतर तरीके से अपने संप्रभु और आर्थिक हितों को प्रथम स्थान देकर सही काम किया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष और चीन एवं पश्चिमी देशों के बीच तनाव के कारण विश्व व्यवस्था में बहुत बदलाव आ चुका है और इस माहौल में भारत ने अहम भूमिका निभाई है। मोदी ने देशहित में कठिन माहौल के बीच जो कदम उठाए हैं उसकी वजह से वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर नयी विश्व व्यवस्था को संचालित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है और इस संघर्ष के बीच अपने हितों को महत्व देते हुए भारत ने शांति की अपील कर सही काम किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने हिदायत देते हुए कहा, अभी नए तरह के व्यापारिक प्रतिबंधों की बात हो रही है। इससे मौजूदा व्यवस्था बदलेगी और विश्व की सप्लाई चेन में भारत के लिए नए रास्ते खुल सकते है। इन सब परिस्थितियों के दौर में भारत का आर्थिक हित इसी बात में है कि वह किसी के संघर्षों में न उलझे और दूसरे देशों के साथ व्यापारिक संबंधों का संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़े। भारत में जी-20 के आयोजन से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि रोटेशन के तहत जी-20 में भारत को अध्यक्षता करने का मौका मिला और मेरे लिए ज्यादा खुशी इस बात की है कि मै भारत को जी-20 की अध्यक्षता करते हुए देख रहा हूं। विदेश नीति हमेशा से भारत के शासकीय ढांचे का अहम हिस्सा रही है लेकिन पहले की तुलना में अब विदेश नीति देश की राजनीति में ्यादा अहम और प्रासंगिक हो गई है।

मोदी के देश को 2047 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने संबंधी दावे पर डॉ. सिंह ने कहा, यह तय है कि आने वाले सालों में भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था का पावर हाउस होगा। बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत अद्वितीय आर्थिक अवसर के मुहाने पर खड़ा है। भारत के पास एक बड़ा बाजार है और हम प्राकृतिक संसाधनों के जरिए उत्पादन और निर्माण को आगे बढ़ाकर आने वाले दशकों में भारत दुनिया भर में अर्थव्यवस्था का बड़ा पावरहाउस बन सकता है।

खबर संक्षेप

## सोने में 100 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर



नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों से मजबूती के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

## बीएसई और एनएसई से श्रेयस शिपिंग असूचीबद्ध




मुंबई। श्रेयस शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स की संचालक ट्रांसवर्ल्ड होल्डिंग्स ने शुक्रवार को कहा कि वह जलपोत कंपनी को निजी बना रही है। उसने पुनर्खरीद के लिए सांकेतिक कीमत के तौर पर 338 रुपये प्रति शेयर की पेशकश की है। श्रेयस शिपिंग ने कहा कि उसे सात सितंबर को बीएसई और एनएसई से असूचीबद्ध होने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है।

## रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ 82.99 प्रति डॉलर



नई दिल्ली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 24 पैसे की बढ़त के साथ 82.99 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कोरोबारियों ने कहा कि रिजर्व बैंक के वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात को सात अक्टूबर 2023 तक चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा के बाद डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूती मिली।

## नैटको फार्मा को अमेरिका में प्रतिवादी बनाया गया



नई दिल्ली। भारतीय कंपनी नैटको फार्मा ने शुक्रवार को कहा कि कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एक जेनेरिक दवा के संबंध में उसे अमेरिका में कुछ दूसरी दवा विनिर्माताओं के साथ एक प्रतिस्पर्द्धा-रोधी मुकदमे में प्रतिवादी बनाया गया है। ब्रेकेनरिज अमेरिका में इस जेनेरिक दवा की नई औषधि अनुप्रयोग धारक और वितरण भागीदार है।

## आरआर काबेल ने तय किया शेयर मूल्य का दायरा



नई दिल्ली। बिजली के तार बनाने वाली कंपनी आरआर काबेल का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 13 सितंबर को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए 983-1,035 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। टीपीजी कैपिटल- समर्थित आरआर काबेल का आईपीओ 15 सितंबर को बंद होगा।

## सर्टा ने फिन कैपिटल से 3.5 करोड़ डॉलर जुटाए

नई दिल्ली। तृतीय-पक्ष प्रबंधन मंच सर्टा ने फिन कैपिटल और वर्टेक्स वेंचर्स एसईएआई (दक्षिण पूर्व एशिया और भारत) की अगुवाई में 3.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (291 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि वित्त पोषण के इस दौर में टू एरो पार्टनर्स और मौजूदा निवेशकों पॉइंट72 वेंचर्स, बीडीएमआई, एग्ले वेंचर्स, मेंटिस वीसी और गोट कैपिटल ने भी भाग लिया। सर्टा अपने कारोबार को मजबूत करने और यूरोपीय संघ जैसे नए बाजारों तक विस्तार करने के लिए इस राशि का इस्तेमाल करेगी।

# आभूषणों की हॉलमार्किंग का तीसरा चरण 16 राज्यों में लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोने के आभूषणों और कलाकृतियों की अनिवार्य हॉलमार्किंग का तीसरा चरण 16 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के 55 जिलों में लागू हो गया है। सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कीमती धातु की शुद्धता के प्रमाण के तौर पर हॉलमार्किंग 16 जून, 2021 तक स्वैच्छिक रूप से लागू थी। उसके बाद सरकार ने चरणबद्ध तरीके से सोने की हॉलमार्किंग को अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्णय लिया। वर्तमान में, देश के कुल 343 जिलों में हॉलमार्किंग को अनिवार्य किया जा चुका है।

### दूसरे चरण में 32 जिले शामिल किए गए थे

हॉलमार्किंग के पहले चरण की शुरुआत 23 जून, 2021 को हुई थी जिसमें 256 जिले शामिल थे। दूसरा चरण चार अप्रैल, 2022 को शुरू हुआ था जिसमें 32 अन्य जिलों को शामिल किया गया था। अब इसका तीसरा चरण शुरू हो गया है।

## केंद्रशासित प्रदेश के 55 जिलों में भी लागू हो गया, देश के 343 जिलों में हॉलमार्किंग हो चुकी अनिवार्य

### उप्र व महाराष्ट्र के पांच-पांच जिले

बयान के मुताबिक, सोने के गहनों की अनिवार्य हॉलमार्किंग का तीसरा चरण 16 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के 55 अतिरिक्त नए जिलों को कवर करेगा। इसके अंतर्गत बिहार में पूर्वी चंपारण सहित आठ जिलों के साथ आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के पांच-पांच जिले और तेलंगाना के चार जिले शामिल किए गए हैं।

### ये जिले शामिल

इसके साथ हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, कर्नाटक और तमिलनाडु में तीन-तीन जिले जबकि असम, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में दो-दो जिले शामिल होंगे। राजस्थान के एक जिले जालोर में भी इसे लागू किया गया है।



### आज ही आदेश अधिसूचित

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, सोने के आभूषणों और सोने की कलाकृतियों की अनिवार्य हॉलमार्किंग के तीसरे चरण के कार्यान्वयन के लिए आठ सितंबर को आदेश अधिसूचित कर दिया गया।

### हर दिन चार लाख से अधिक स्वर्ण उत्पादों का हॉलमार्क

सोने की हॉलमार्किंग के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने पिछले दो चरणों में इसे सफलतापूर्वक लागू किया है। हर दिन चार लाख से अधिक स्वर्ण उत्पादों को हॉलमार्क विशिष्ट पहचान (एचयूआईडी) के साथ हॉलमार्क किया जा रहा है।

### हॉलमार्किंग केंद्र बढ़कर 1471 हुए

मंत्रालय ने कहा कि अनिवार्य हॉलमार्किंग लागू किए जाने के बाद से पंजीकृत आभूषण विक्रेताओं की संख्या 34,647 से बढ़कर 1,81,590 हो गई है, जबकि परख और हॉलमार्किंग केंद्र (एएचसी) 945 से बढ़कर 1,471 हो गए हैं।

### त्योहारी सीजन से पहले आरबीआई ने दी बैंकों को बड़ी राहत

# आरबीआई का चरणबद्ध तरीके से इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो को वापस लेने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आरबीआई ने इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो (आईसीआरआर) को 7 अक्टूबर 2023 से खत्म करने का ऐलान किया है। अगले एक महीने में चरणबद्ध तरीके से इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो में कमी की जाएगी। 2000 रुपए के नोट के वापस लेने के ऐलान के बाद बैंकों के पास नगदी बढ़ गई थी जिसे घटाने के लिए 10 अगस्त 2023 को मॉनिटरी पॉलिसी का ऐलान करते हुए आरबीआई गवर्नर ने बैंकों को नगदी घटाने के लिए 10 फीसदी इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो रखने का प्रावधान कर दिया था।

आरबीआई ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि उसने समीक्षा करने के बाद इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो को चरणबद्ध तरीके से वापस लेने का फैसला किया है। आरबीआई ने कहा कि इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो के तहत जो रकम जमा किए गए हैं उसे फेज तरीके से जारी किया जाएगा जिससे मनी मार्केट बेहतर तरीके से काम कर सके।




- आईसीआरआर को सात अक्टूबर 2023 से खत्म करने का किया ऐलान
- अगले एक माह में चरणबद्ध तरीके से आईसीआरआर में कमी आएगी
- 2000 रुपए के नोट वापस लेने के बाद बैंकों के पास नकदी बढ़ गई

### 7 अक्टूबर को बची 50 फीसदी रकम सिस्टम में डाली जाएगी

आरबीआई के मुताबिक 9 सितंबर 2023 से इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो के तहत जो रकम बैंकों ने आरबीआई के आदेश के बाद अलग कर रखा था उसमें से 25 फीसदी रकम बैंकिंग सिस्टम में डाला जाएगा। 23 सितंबर 2023 से 25 फीसदी और रकम बैंकिंग सिस्टम में आ जाएगा। और 7 अक्टूबर को बाकी बचे 50 फीसदी रकम भी बैंकिंग सिस्टम में डाल दिया जाएगा।

### क्या होता है इंक्रिमेंटल कैश रिजर्व रेशियो

एक्सपर्ट्स बताते हैं कि आरबीआई इसका इस्तेमाल तब करता है, जब बैंकिंग सिस्टम में डिपॉजिट अचानक बढ़ जाता है। बैंकिंग सिस्टम में डिपॉजिट (लिक्विडिटी) को सही स्तर पर लाने के लिए अतिरिक्त लिक्विडिटी को हटाना जरूरी होता है। इस पर आरबीआई गवर्नर ने कहा था कि आईसीआरआर से अतिरिक्त लिक्विडिटी को कम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका असर इनफ्लेशन पर भी पड़ेगा। हालांकि, उन्होंने साफ कर दिया कि यह उपाय अस्थायी यानी थोड़े समय के लिए है।

### जाने सीआरआर

सीआरआर यानी कैश रिजर्व रेशियो होता है। सीआरआर यानी वह रकम जिसे बैंक को आरबीआई के पास रिजर्व रखना होता है। आरबीआई तय करता है कि सिस्टम में कितनी नकदी हो, उस हिसाब से ही सीआरआर तय होता है। इसका मतलब सीआरआर में आधे प्रतिशत की बढोतरी हुई है, तो सभी बैंकों को अपनी सीमा से आधा प्रतिशत और रकम आरबीआई के पास जमा करानी पड़ेगी। सीआरआर बढ़ने पर फंड की कमी होगी, नतीजतन बैंकों को कर्ज मांग कम करने के लिए ब्याज दरें बढ़ानी होंगी। आमतौर पर आरबीआई महंगाई में कमी लाने के लिए सीआरआर को बतौर हथियार इस्तेमाल करता है।

### बैंकों के पास नगदी की कमी देखने में आई

10 अगस्त, 2023 को आरबीआई मॉनिटरी पॉलिसी बैठक में बैंकों को 10 फीसदी इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो अलग से रखने के आरबीआई के आदेश के बाद बैंकों के पास नगदी की कमी देखने को मिली थी। आरबीआई ने 2000 रुपए के नोट बैंकों में जमा होने के बाद नगदी बढ़ने के चलते ये फैसला लिया था।

*त्योहारी सीजन में बढ़ेगी नकदी की मांग : लेकिन अब जब त्योहारी सीजन आने को है नगदी की मांग बढ़ने वाली है। ऐसे में बैंक लगातार इसे वापस लेने की गुहार लगा रहे थे। त्योहारी सीजन में बैंक ज्यादा से ज्यादा कर्ज दे सके इसलिए आरबीआई ने इंक्रीमेंटल कैश रिजर्व रेशियो के अपने निर्णय को वापस लेने का फैसला किया है।*

## रिलायंस, एनवीडिया भारत में एआई आधारित सुपरकंप्यूटर बनाएंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- दोनों कंपनियों ने आज यहां घोषणा की
- ढांचा बनाने मिलकर काम करेंगे

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एनवीडिया के साथ मिलकर भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित सुपरकंप्यूटर बनाने की शुक्रवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों ने एक बयान में कहा, 'कंपनियां एआई ढांचा बनाने के लिए मिलकर काम करेंगी जो आज भारत के सबसे तेज सुपरकंप्यूटर से भी अधिक शक्तिशाली है।' इस घोषणा से कुछ दिन पहले एनवीडिया के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। एनवीडिया ने वर्ष 2004 में भारत में परिचालन शुरू किया था और यहां कंपनी के चार इंजीनियरिंग विकास केंद्र गुरुग्राम, हैदराबाद, पुणे और बेंगलुरु में हैं। इन केंद्रों में लगभग 3,800 कर्मी कार्यरत हैं। बयान में एनवीडिया ने कहा, 'रिलायंस के साथ समझौता भारत का अपना बड़ा भाषा मॉडल विकसित करेगा जो देश की विविध भाषाओं पर प्रशिक्षित होगा और यहां जेनेरिक एआई अनुप्रयोगों के लिए तैयार किया जाएगा।'

### बड़ी मेमोरी बैंडविड्थ मिलेगी

जीएच200 कंप्यूटिंग आर्किटेक्चर में एक मौलिक बदलाव का प्रतीक है जो असाधारण प्रदर्शन और बड़ी मेमोरी बैंडविड्थ प्रदान करता है। बयान में रिलायंस ने कहा, 'एनवीडिया से लैस एआई ढांचा रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई रिलायंस जियो इन्फोकॉम के लिए एआई में नया विस्तार है।'

## विस्तारा के विलय के लिए अभी भी पेंच फंसा हुआ

एजेंसी ▶▶ मुंबई




- विदेशी प्रतिस्पर्धा नियामकों की मंजूरी लेने की कोशिश
- एयरलाइन के लिए सीसीआई की मंजूरी मिल चुकी

एयर इंडिया के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा कि विस्तार एयरलाइन के विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी मिलने के बाद कंपनी इस सौदे पर सिंगापुर एवं अन्य क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा नियामकों से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए काम कर रही है।

टाटा समूह अपनी चार एयरलाइंस को विलय के जरिये दो एयरलाइन में एकीकृत करने की प्रक्रिया में है। टाटा समूह ने पिछले साल जनवरी में घाटे में चल रही एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस का सरकार से अधिग्रहण किया था। कैंपबेल ने शुक्रवार को कर्मचारियों को प्रेषित अपने साप्ताहिक संदेश में कहा कि एयर इंडिया के साथ विस्तारा के नियोजित विलय को सीसीआई की मंजूरी 'टाटा की चार एयरलाइंस को दो एयरलाइन में एकीकृत करने की दिशा में एक स्वागत योग्य और महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि अभी कुछ और काम भी किए जाने हैं।' कैंपबेल ने कहा, 'इसे अंतिम रूप देने से पहले हमें सिंगापुर सहित कुछ अन्य न्यायक्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा नियामकों से भी अनुमोदन की जरूरत है। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं।' कैंपबेल ने कहा कि इस बीच, 'हम एक ऐसे एकीकरण की योजना बना रहे हैं जो हमारे भावी एयरलाइन समूह को अधिक मजबूत बनाएगा।'

### एआई देश की सबसे बड़ी अंतराष्ट्रीय एयरलाइन होगी

इसमें टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड (टीएसपीएल), एयर इंडिया लिमिटेड, टाटा एसआईए एयरलाइंस लिमिटेड (टीएसएएल) और सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड पक्ष बने हैं। इस सौदे के बाद एयर इंडिया देश की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन और दूसरी बड़ी घरेलू एयरलाइन बन जाएगी।

## रियल एस्टेट से मिले दो लाख करोड़



नई दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के राजस्व में सबसे ज्यादा योगदान करने वाले क्षेत्रों में से एक रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने रियल एस्टेट से स्टाम्प शुल्क समेत विभिन्न तरीकों से लगभग दो लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। नारेडको नाइट-फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट कहती है कि यह पिछले वित्त वर्ष में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा अर्जित कुल राजस्व का 5.4 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, "रियल एस्टेट क्षेत्र राज्य सरकारों के राजस्व में प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क और भूमि राजस्व से लगभग दो लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे।"रियल एस्टेट क्षेत्र के निकाय नारेडको और संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने हाल ही में एक रिपोर्ट 'इंडिया रियल एस्टेट: विजन 2047' जारी की है।

## निवेशकों की खरीदारी से सेंसेक्स 333 अंक चढ़ा

मुंबई। कमजोर वैश्विक संकेतों के बावजूद एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 333.35 अंक बढ़कर 66,598.91 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 92.90 अंक बढ़कर 19,819.95 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 1,434 अंक यानी 2.41 प्रतिशत की तेजी रही है। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, पावर ग्रिड और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से बढ़े।

## ओडिशा में वाणिज्यिक वाहनों में पैनिक बटन अनिवार्य ...




भुवनेश्वर। ओडिशा में तिपहिया वाहनों को छोड़कर सभी वाणिज्यिक वाहनों में वाहन स्थान ट्रैकिंग (वीएलटी) उपकरण को अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) द्वारा लिया गया। उन्होंने कहा कि बसों, टैक्सियों, मालवाहनों और एम्बुलेंस समेत सभी श्रेणियों के नए वाणिज्यिक वाहनों पर एक अक्टूबर से वीएलटी उपकरण और पैनिक बटन अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पुराने वाहनों में ये उपकरण लगाने के लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। उन्होंने कहा कि अगर नए वाहनों में वीएलटी उपकरण नहीं लगे होंगे तो उन्हें पंजीकृत नहीं किया जाएगा।

बिजनेस साइट

## आचार्य बालकृष्ण ने किया अनाम और अनारोहित दो हिमशिखरों का आरोहण



हरिद्वार। उत्तराखंड को यूं ही देवभूमि नहीं कहते, जब किसी को ऊँ कैलाश के दर्शन के साथ में नंदी के भी दर्शन हो जाएं तो वह सहसा कह उठेंगे, असंभव! अद्भुत! अकल्पनीय! कुछ ऐसे ही पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के भी भाव थे। जब अनाम, अनारोहित शिखर के आरोहण के लिए आचार्य श्रीकंठ पर्वत व हर्षिल हॉर्न पीक-2 के मध्य में स्थित हिमशिखर पहुंचे। जिनकी ऊंचाई लगभग 17500 फुट होगी। वे उसे अपलक निहारते रह गए। वहां साक्षात ऊँ का दर्शन हो रहा था, वहां ऊँ शिखर की आकृति के साथ ही साक्षात कैलाश का दर्शन हो रहा था। जिससे अनाम, अनारोहित हिमशिखर के आरोहण की आचार्य की उत्कंठा, ऊर्जा व उत्साह से कई गुनी भर गई। जिसकी ऊंचाई लगभग 16500 फुट थी। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएमएस) के प्रिंसिपल कर्नल भदौरिया व पतंजलि की टीम के साथ आचार्य ने यह तय किया कि दो अलग-अलग दल ऊँ पर्वत व नंदी पर्वत का आरोहण करेंगे। पर्वता रोहण की टीम में मुख्य रूप से आचार्य के साथ डॉ. राजेश मिश्र, डॉ. भास्कर जोशी, सूरज व लोकेश पंवार थे। वहीं नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएमएस) की ओर से कर्नल भदौरिया, सौरव रौतेला, गिरीश रणकोटी, रविंद्र सिंह, गोविंद राम, अनूप पंवार आदि सम्मिलित रहे।

## सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का हर्षित गोल्ड सिटी प्रोजेक्ट लोगों की पहली पंसद




रायपुर। विधानसभा के करीब प्राइम लोकेशन में 50 एकड़ क्षेत्र में डेवलप होने वाला सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का हर्षित गोल्ड सिटी प्रोजेक्ट लोगों की पहली पंसद बनता जा रहा है। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप छत्तीसगढ़ के साथ देश में रियल एस्टेट व्यवसाय में बड़ा नाम है। संपूर्ण अनुभव का उपयोग करते हुए सभी सुविधाओं और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उन सबका समावेश इस प्रोजेक्ट में किया है। वहीं सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने हर्षित गोल्ड सिटी में आकर्षक स्कीम का ऑफर दिया है। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के हर्षित गोल्ड सिटी प्रोजेक्ट में प्रीमियम प्लॉट्स उपलब्ध हैं और यहां 100 से अधिक विश्व स्तरीय सुविधाएं भी लोगों को मिलेंगी। आपके लिए प्री लॉन्चिंग ऑफर लेकर आया है जहां आपको क्लब, इलेक्ट्रिसिटी, वॉटर, 3 साल का मेंटेनेंस, सोसायटी रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्री समेत सभी सुविधाएं मिलेंगी।

प्राइम लोकशन में 50 एकड़ एरिया में तेजी से डेवलेप होते इस प्रोजेक्ट में सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप अपने ग्राहकों को महानगर की तर्ज पर अनेक सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बैंक ऑफ़ इंडिया ने मनाया 118वां स्थापना दिवस

रायपुर। बैंक ऑफ़ इंडिया रायपुर अंचल द्वारा बैंक का 118 वां स्थापना दिवस बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक सुश्री गायत्री कंपा एवं उप आंचलिक प्रबंधक नागेन्द्र प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए बैंक के प्रस्तावित आंचलिक कार्यालय परिसर नया रायपुर में 118 वृक्षों का रोपण किया गया। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत बैंक ने बाल आश्रम समिति में जरूरत मंद बच्चों के लिए जरूरी सामग्री एवं उपहार उपलब्ध कराया। बैंक के सभी स्टाफ एवं ग्राहकों के लिए आंचलिक कार्यालय परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर किया गया। इसके लिए टाउन हॉल में मीटिंग का आयोजन किया।

इसमें बैंक के सभी कर्मचारी, मूल्यवान ग्राहक, बिजनेस पार्टनर्स, सेवानिवृत कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्थापना दिवस को सफल बनाया।

### सात सितंबर से कुछ चुनिंदा लोन पर ग्राहकों को ब्याज ज्यादा देना होगा

# एचडीएफसी बैंक ने महंगी की लोन ब्याज दरें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- बैंक ने एमसीएलआर की दरों में 15 बेसिस पॉइंट या 0.15 फीसदी का इजाफा कर दिया

देश का सबसे बड़ा निजी बैंक एचडीएफसी बैंक अपने ग्राहकों के लिए कर्ज को महंगा कर चुका है। कल यानी 7 सितंबर से एचडीएफसी बैंक के कुछ चुनिंदा लोन पर बैंक कस्टमर्स को ज्यादा ब्याज देना होगा। एचडीएफसी बैंक ने बेंचमार्क मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लैंडिंग रेट की दरों में 15 बेसिस पॉइंट या 0.15 फीसदी का इजाफा कर दिया है। ये बढ़ी हुई दरें कल 7 सितंबर से लागू हो चुकी हैं यानी ग्राहकों की ईएमआई महंगी होने का रास्ता साफ हो चुका है। अब ग्राहकों को एचडीएफसी के होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन आदि पर ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। एचडीएफसी बैंक के ओवरनाइट एमसीएलआर में 15 बीपीएस की बढ़ोतरी के बाद ये 8.35 फीसदी से बढ़कर 8.50 फीसदी पर आ चुका है।

### एमसीएलआर बढ़ने से लोन महंगे क्यों

भारत के बैंकिंग रेगुलेटर, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एमसीएलआर या मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लेंडिंग रेट को 2016 में लांच किया गया था। एमसीएलआर अब क्रेडिट और होम लोन देने के लिए बैंकों की आंतरिक बेंचमार्क के तौर पर लागू है जिसे फ्लोटिंग ब्याज दर व्यवस्था भी कह सकते हैं। एमसीएलआर सीधे घर खरीदारों द्वारा लिए गए होम लोन की ईएमआई से जुड़ा हुआ है। लिहाजा एमसीएलआर बढ़ने से बैंकों के लोन महंगे हो जाते हैं और ऐसा ही एचडीएफसी बैंक ने किया है।




**आपके लोन का एमसीएलआर कितना बढ़ा**

कई कंज्यूमर लोन जो कि एक साल के एमसीएलआर से लिंक्ड होते हैं, उनके लिए एमसीएलआर में 5 बेसिस पॉइंट का इजाफा किया गया है। ये 9.10 फीसदी से बढ़कर 9.15 फीसदी पर आ चुका है। इसके अलावा एक साल और दो साल के एमसीएलआर के लिए बैंक ने 0.05 फीसदी का इजाफा किया है और ये 9.20 फीसदी से बढ़कर 9.20 फीसदी पर आ गया है।

*एचडीएफसी बैंक के अन्य रेट्स : रिवाइज्ड बेस रेट 16 जून से प्रभावी है और ये संशोधित होकर 9.20 फीसदी पर आ गया है। बेंचमार्क पीएलआर की दर संशोधित होतकर 17.70 फीसदी पर होती है।*

*बैंक का नया एमसीएलआई : बैंक के एक महीने के एमसीएलआर में 0.10 फीसदी का इजाफा हुआ है और ये 8.45 फीसदी से बढ़कर 8.55 फीसदी पर आ गया है। तीन महीने का एमसीएलआर 10 बेसिस पॉइंट बढ़कर 8.70 फीसदी से 8.80 फीसदी पर आ चुका है।*

# गॉफ-सबालेंका के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

## यूएस ओपन: करोलिना मुचोवा और मेडिसन कीज सेमीफाइनल में हारकर बाहर



कोको गॉफ



आर्यना सबालेंका

**न्यूयॉर्क, (एजेंसी)।** अमेरिका की 19 वर्षीय कोको गॉफ और बेलारूस की 25 वर्षीय आर्यना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

गॉफ ने पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के कारण पड़े व्यवधान और चेक गणराज्य की 27 वर्षीय करोलिना मुचोवा की चुनौती से पार पाकर 6-4, 7-5 से जीत दर्ज करके पहली बार फ्लशिंग मीडोज में खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। जहां उनकी भिड़ंत दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका से होगी।जिन्होंने पहला सेट आसानी से गंवाने प्पके बाद शानदार वापसी की और अमेरिका की मेडिसन कीज को 0-6, 7-6 (1), 7-6 (10-5) से हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका का ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 1-5 था और एक समय ऐसा लग रहा था कि वह फ्लशिंग मीडोज पर फिर से सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाएगी। कीज ने पहला सेट 30 मिनट में जीतने के बाद दूसरे सेट में भी 5-3 से बढ़त हासिल कर रखी थी लेकिन इसके बाद सबालेंका ने जबर्दस्त वापसी की। सबालेंका अगर हार भी जाती तो तब भी उनका सोमवार को जारी होने वाली डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचना तय था। फ्रेंच ओपन 2022 की उपविजेता गॉफ ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच छठे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। अमेरिका की खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी। उन्होंने तब पहला मैच प्वाइंट गंवाया। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ इस बीच दर्शकों से और समर्थन की अपील करती रही और आखिर में मुचोवा को हराने में सफल रही। वह पिछले 22 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में फाइनल में पहुंचने वाली पहली अमेरिकी किशोरी हैं। उनसे पहले 2001 में सेरेना विलियम्स ने यह मुकाम हासिल किया था। महिला एकल वर्ग का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

### जश्न का समय... लेकिन अभी काम पूरा नहीं हुआ...

मैं इस टूर्नामेंट को देखते हुए बड़ी हुई हूं, इसलिए फाइनल में जगह बनाना मेरे लिए काफी मायने रखता है। यह जश्न का समय है लेकिन अभी काम पूरा नहीं हुआ है और उम्मीद है कि फाइनल में आप सभी मेरा समर्थन करने के लिए आएंगे। सेरेना विलियम्स से अपनी तुलना पर उन्होंने कहा, सेरेना सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं। मुझे उम्मीद है कि उन्होंने जो किया उसका आधा हिस्सा भी मैं कर सकूंगी।

**-कोको गॉफ**, अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी

### आपको प्रयास जारी रखने होते हैं, मैंने भी ऐसा ही किया..

आपको प्रयास जारी रखने होते हैं और मैंने भी ऐसे ही किया। आपको यह सोचना चाहिए कि हो सकता है कि आप मैच का पासा पलट दो। मेरा सौभाग्य कहो या चमत्कार मैं नहीं जानती लेकिन मैं इस मैच में पासा पलटने में सफल रही। हालाँकि वह निराश दिख रही थी, फिर भी वह सकारात्मक बनी हुई थी। सबालेंका ने कहा, जाहिर है, मैं खुद को याद दिलाती रही कि मैं कई कठिन मैच हार गई हू।मेरा मतलब है, एक दिन उन सभी मैचों से मुझे किसी तरह मदद मिलेगी।

**-आर्यना सबालेंका,** बेलारूसी टेनिस खिलाड़ी

## भारत के बोपन्ना-मैथ्यू की जोड़ी पुरुष युगल के फाइनल में हारी

भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी को पुरुष डबल्स फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में बोपन्ना-एबडेन को राजीव राम (अमेरिका) और ब्रिटेन के जो सैलिसबरी ने 2-6, 6-3, 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस हार के साथ ही रोहन बोपन्ना का ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल खिताब खिताब जीतने का सपना टूट गया। रोहन बोपन्ना अपने टेनिस करियर में सिर्फ एक ग्रैंड स्लैम खिताब जीत पाए हैं। बोपन्ना ने साल 2017 में फ्रेंच ओपन टेनिस में मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता था।



**बोपन्ना ने खेला करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल** : रोहन बोपन्ना ने अपने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेला और उनका ये दूसरा फाइनल भी हार्ड कोर्ट पर ही था। वह पाक के ऐसाम-उल-हक कुरेशी के साथ 2010 यूएस ओपन के पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे थे। 43 साल और छह महीने की उम्र में बोपन्ना ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी थे।

# आईसीसी वर्ल्डकप के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

## भारत के मेनन व श्रीनाथ को मिली जगह



**दुबई, (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लीग राउंड के लिए 20 मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट के 13वें संस्करण में सोलह अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं।

अंपायरों में क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रज़ा, पॉल रिफ़ेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन शामिल हैं। अनुभव के लिहाज से धर्मसेना, इरास्मस और टकर के नाम शामिल है जो लॉर्ड्स में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2019 फाइनल के लिए नियुक्त किए गए थे। इनमें सिर्फ अलीम डार गायब हैं। उन्होंने इस साल मार्च में एलीट पैनल से इस्तीफा दे दिया था। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल का प्रतिनिधित्व पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जेफ क्रो, एंडी पाइक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल श्रीनाथ की चौकड़ी करेगी।

श्रीनाथ पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की जिम्मेदारी संभालेंगे। मेनन और धर्मसेना स्थायी अंपायर होंगे, पॉल विल्सन टीवी अंपायर होंगे और सैकत चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे।आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, इतने बड़े आयोजन को अंजाम देने के लिए आपको हर स्तर पर उच्च प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता होती है। अंपायरों, रेफरी और इसमें शामिल अंपायरों के उभरते समूह का आईसीसी एलीट पैनल अपार कौशल, अनुभव लाएगा।

## सचिन तेंदुलकर को मिला गोल्डन टिकट



**नई दिल्ली।** भारत में पांच अक्तूबर से 19 नवंबर तक आयोजित होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए बीसीसीआई ने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बाद क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को आमंत्रित किया। बीसीसीआई ने ट्वीट कर लिखा, क्रिकेट और देश के लिए एक गौरवशाली क्षण! हमारे गोल्डन टिकट फॉर इंडिया आइकॉन्स कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने भारत रत्न सचिन तेंदुलकर को गोल्डन टिकट प्रदान किया। अब वह आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 का हिस्सा होंगे और लाइव मैच देखेंगे।

# पिता बनने के बाद भारतीय टीम से जुड़े बुमराह

## एशिया कप: पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 चरण के मुकाबले में लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पिता बनने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। वह भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को खेले जाने वाले एशिया कप सुपर 4 चरण के मुकाबले में हिस्सा लेंगे।

जसप्रीत बुमराह वापस मुंबई लौट गए थे। बुमराह अपने बच्चे के जन्म के दौरान पत्नी संजना के साथ रहना चाहते थे। इसी वजह से उन्होंने नेपाल के खिलाफ मैच ना फैसला करते हुए भारत लौटने का निर्णय किया। पाक के खिलाफ मैच से पहले बुमराह का टीम में शामिल होना भारत के लिए राहत की खबर है, क्योंकि नेपाल के खिलाफ मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाजों को शुरुआती ओवर में विकेट चटकाने में काफी मुश्किल हुई थी। जसप्रीत बुमराह आर प्रेमदासा स्टेडियम में टीम के साथ प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लेंगे। मौसम के मौजूदा मिजाज को देखते हुए एसीसी ने इस मैच के लिए सुरक्षित दिन (रिजर्व डे) रखने का फैसला किया है।

### सुपर-4 में बांग्लादेश-श्रीलंका के बीच मुकाबला आज

**कोलंबो, (एजेंसी)** दो दिनों के संक्षिप्त अंतराल के बाद, बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2023 सुपर फोर चरण में शनिवार को बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच दिलचस्प मुकाबला खेला जाएगा। आर प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले मैच को बांग्लादेश जीतने की कड़े इरादे के साथ मैदान पर उतरेगा जबकि श्रीलंका सुपर फोर चरण की शुरुआत जीत के साथ करने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में श्रीलंका ने बांग्लादेश को हराया था जबकि बुधवार को सुपर फोर के पहले मैच में बांग्लादेश मेजबान पाकिस्तान से भी हार गया था।

# अर्जेंटीना की विजयी शुरुआत

## दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग में इक्वाडोर को हराया

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** 36 वर्षीय लियोनेल मेसी के दूसरे हाफ में फ्री किक पर दागे गए गोल की मदद से फीफा विश्वकप चैंपियन अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 1-0 से हराया।

अर्जेंटीना कप्तान ने लगभग 83 हजार दर्शकों के सामने 78वें मिनट में यह महत्वपूर्ण गोल किया जिससे उनकी टीम अपने अभियान का जीत से शुरुआत करने में सफल रही। मेसी का यह 176 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 104वां गोल है। विश्वकप क्वालीफाइंग मैचों में यह उनका 29वां गोल है जिससे उन्होंने उरूग्वे के लुई सुआरेज के रिकॉर्ड की बराबरी की। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में कोलंबिया ने राफेल सैंटोस बोर्रे के 46वें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से वेनेजुएला को 1-0 से हराया। पराग्वे और पेरू के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।





### यूरो क्वालीफायर में जीता पोलैंड

**वारसॉ।** पौलैंड की राजधानी वारसॉ में रॉबर्ट लेवांडोवस्की के दो गोल की मदद से मेजबान टीम (पोलैंड) ने यूईएफए (यूएफा) यूरो 2024 क्वालीफायर में फरो आइलैंड्स पर 2-0 से जीत दर्ज की है। फर्नांडो सैंटोस के खिलाड़ी सीटी बजने के बाद से दबाव में थे, लेकिन उन्हें मौके भुनाने में दिक्कतें आ रही थीं। ब्रेक के आठ मिनट बाद लेवांडोवस्की ने छह गज के बॉक्स के दाईं ओर से हेडर मारा और उन्होंने 73वें मिनट में ओडमार फेरो के हैंडबॉल के बाद पेनल्टी को गोल में बदलकर पोलैंड को बढ़त दिला दी।



# डोनाल्ड ट्रंप के साथ धोनी ने खेला गोल्फ

**न्यू जर्सी(एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हाल ही में यूएस ओपन में कार्लोस अल्काराज का मैच देखने पहुंचे थे। धोनी इन दिनों अमेरिका में हैं। उन्होंने यूएस ओपन मैच देखने के अलावा गोल्फ का भी आनंद लिया।

इस दौरान धोनी के साथ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी नजर आए। दोनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। भारत के पूर्व कप्तान को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रंप नेशनल गोल्फ क्लब बेडमिंस्टर में गोल्फ खेलने के लिए बुलाया था। धोनी के करीबी ने शेयर की तस्वीर धोनी के करीबी और व्यवसायी हितेश सांघवी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, धोनी, डोनाल्ड ट्रंप और राजीव नैक के साथ गोल्फ। हमारी मेजबानी के लिए धन्यवाद पूर्व राष्ट्रपति महोदय।



# सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप: भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** भारतीय अंडर-19 पुरुष फुटबाल टीम के मुख्य कोच शुवेंदु पांडा ने नेपाल के काठमांडू में 21-30 सितंबर तक खेले जाने वाले सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम शुक्रवार को सऊदी अरब में एक्सपोजर-कम-ट्रेनिंग के लिए रवाना हुई।

भारतीय टीम 19 सितंबर को काठमांडू पहुंचेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के सूत्रों ने कहा कि चैंपियनशिप काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। ब्लू कोल्ट्स को ग्रुप बी में भूटान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है, जबकि मेजबान नेपाल, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं। एकल राउंड-रॉबिन ग्रुप चरण के बाद दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में भिड़ेंगी।भारत भुवनेश्वर में 2022 में आयोजित सैफ अंडर-20 के फाइनल में बंगलादेश को 5-2 से हराकर चैंपियन बना।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर:** लियोनेल डेरिल रिम्मेई, दिव्याज धवल ठक्कर और मनजोत सिंह परमार। **डिफेंडर:** थॉमस कनामुत्तिल चेरियन, जहांगीर अहमद शागू, विजय मरांडी, ए सिबा प्रसाद, मनबीर बसुमतारी, सूरजकुमार सिंह नगांगबाम और रिकी मीतेई। **मिडफील्डर:** मंगलानथिंग किपगेन, ईशान शिशोलिया, अर्जुन सिंह ओइनम, यश चिकरो, अबिंदस येसुदासन, राजा हरिजन और थूमसोल टोंगसिन। **फॉरवर्ड:** ग्वागवामसर गोयारी, साहिल खुर्शीद, लिंकी मैती चाबुंगबम, केल्विन सिंह तारेम, नकुबा मैती और दिनेश सिंह सौबम हैं। भारतीय टीम के कोच शुवेंदु पांडा हैं।

# सितंबर में पार्टनर के साथ इन हसीन जगहों पर बिताएं क्वालिटी टाइम, यादगार होगा हर पल

सितंबर के महीने में देश के लगभग हर हिस्से में बारिश का मौसम खत्म होने वाला होता है। बारिश का मौसम खत्म होने के साथ ही भारत की कई जगहों की खूबसूरती बेहद बढ़ जाती है। कपल्स के लिए भी सितंबर का महीना काफी ज्यादा रोमांटिक होता है। क्योंकि इस महीने में हर तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। ऐसे में सितंबर में कप्लस ऐसी जगहों की तलाश करते हैं, जहां पर वह अपने पार्टनर के साथ यादगार और रोमांटिक पल बिता सकें। ऐसे में आपको भी अपने पार्टनर के साथ इन बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। इन जगहों पर आने के बाद आपका यहां से वापस जाने का मन नहीं होगा।

**लोलाब घाटी**- उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में स्थिति वैली में तो आप कई बार घूमने के लिए जा चुके होंगे। लेकिन अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ सितंबर में घूमने का प्लान बना रहे हैं। तो बता दें कि आपको लोलाब घाटी को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह जम्मू-कश्मीर की एक ऐसी जगह है, जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है। इस घाटी की खूबसूरती का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि यह कुछ ही मिनटों में किसी को भी अपना दीवाना बना सकती है। बफीर्ली चोटियां, नदी हरे-भरे घास के मैदान और झील के बीच में मौजूद लोलाब घाटी में बेहद मनमोहक दृश्य देखने को मिलेंगे।

**रायगढ़**- महाराष्ट्र में घूमने की बात होती है तो हम सभी की लिस्ट में पंचगनी, खंडाला, लोनावाला या मरेथान का नाम सबसे ऊपर रहता है। लेकिन सितंबर के महीने में आप अपने पार्टनर के साथ रायगढ़ को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मुंबई से करीब 95 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद रायगढ़ महाराष्ट्र के हसीन पहाड़ों के बीच में मौजूद एक बेहद हसीन जगह है। सितंबर के महीने में रायगढ़ में चारों ओर हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। वीकेंड पर यहां यादगार पल बिताने के लिए कई कपल्स पहुंचते हैं। रायगढ़ में मधे घाट वॉटरफॉल रायगढ़ फोर्ट और दिवेआगर बीच जैसी बेहतरीन जगहों को अपने पार्टनर के साथ एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**एबॉट माउंट**- उत्तराखंड में आप सभी मसूरी, नैनीताल, रानीखेत और कौसानी तो एक ना एक बार जरूर गए होंगे। लेकिन अगर आप भी सितंबर में उत्तराखंड की हसीन वादियों में खोना चाहते हैं, तो आपको एबॉट माउंट पहुंचना चाहिए। कपल्स के लिए उत्तराखंड की हसीन वादियों में मौजूद एबॉट माउंट जन्नत से कम नहीं है। एबॉट माउंट समुद्र तल से लगभग 7 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इसे जॉन हेरोल्ड एबॉट ने बसाया था। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ लोहाघाट, एबॉट माउंट चर्च, एबॉट माउंट और चिनेश्वर वॉटरफॉल जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**करसोग**- पार्टनर संग घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश में एक से एक बेहतरीन और हसीन जगहें मौजूद हैं, लेकिन इस बार आपको अपने पार्टनर के साथ करसोग जरूर एक्सप्लोर करें। यह एक बेहद मनमोहक जगह है। करसोग में हसीन पहाड़, खूबसूरत झरनों और घास के मैदान देख वापस जाने का मन नहीं होगा। कपल्स के लिए यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं है। सितंबर में यहां की खूबसूरती काफी मनमोहक होती है। हिमाचल के मंडी जिले में करसोग पड़ता है।

**डोडीताल**- अगर इस सितंबर आप भी अपने पार्टनर के साथ ऋषिकेश के आसपास स्थित किसी हसीन और रोमांटिक जगह घूमने की सोच रहे हैं। तो आपको डोडीताल निराश नहीं करेगी। ऋषिकेष से 94 किमी दूर यह जगह कप्लस के लिए जन्नत है। डोडीताल में पार्टनर के साथ ग्याली और चौलादूनी जैसी बेहतरीन जगह पर रोमांटिक पल बिता सकते हैं। वहीं शहर से 10 किमी दूर आप यमुनोत्री धाम भी घूम सकते हैं।

## मॉडल स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक



**भोपाल,(खेसं)।** मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटी नगर के पांच विद्यार्थियों ने 67 वी संभाग स्तरीय तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर भोपाल जिले को प्रथम स्थान दिलाया। इसी के साथ अपना चयन राज्य स्तरीय तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में सुनिश्चित किया। 67 वी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 9 सितंबर से 13 सितंबर तक भोपाल में आयोजित की जाएगी जिसमें विद्यालय के यह छात्र भाग लेंगे। 14 वर्ष से कम बालिका वर्ग में स्वरा दामले 17 वर्ष बालिका में दीक्षा प्रजापति दीप्ति दाभाडे 19 वर्ष बालिका में तमन्ना बहल एवं 17 वर्ष बालक में यशवर्धन ठाकुर इस स्वर्णिम अफसर पर विद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

# एलएनसीटी ने किया खेल प्रतिभाओं को सम्मानित

**भोपाल,(खेसं)।** कैप्टन रूपसिंह जी के 116 वें जन्मदिन के अवसर पर दितीय एलएनसीटी स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड 2023 का आयोजन एलएनसीटी विश्वविद्यालय जेके हॉस्पिटल कोलार रोड भोपाल ऑडिटोरियम में हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद जी ओलम्पियन एवं अर्जुन अवॉर्डी, विशिष्ट अतिथि समीर दाद ओलम्पियन एवं गोल्ड मेडलिस्ट एशियन गेम्स हॉकी, पूनम चौकसे कुलाधिपति एलएनसीटी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी इंदौरउपस्थिति में संपन्न हुआ। सत्र 2022 - 2023 में एलएनसीटी के अली खान, रजत पदक अमन सोलंकी कांस्य पदक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रोप स्किपिंग प्रतियोगिता में प्रिंस सोलंकी, ईशा मालवीय रजत पदक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता, अनुज शर्मा, दिशा पांडगरें ने कांस्य पदक, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल प्रतियोगिता, रुक्मणी भिलाला, लता, सोनाली विश्वकर्मा, इशिका, प्रियंका जाटव स्वर्ण पदक (महिला ट्रिपल वर्ग में) ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में गुंजन मिश्रा, दीपक, हिमांशी लोधी ने रजत पदक, मिक्स डबल्स इवेंट ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में कृष्णकांत, सिद्धांत, नरेंद्र ने कांस्य पदक, पुरुष डबल्स इवेंट ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में, ध्रुव खन्ना, मुकेश, भरत, जटाशंकर, लक्ष्य, मयूरेश व्यास स्वर्ण पदक, पुरुष ट्रिपल इवेंट ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 20000 रुपए, दूसरा स्थान 15000 रुपए, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 10000 रुपये नगद राशि एवं ट्रॉफी एवं मेडल प्रोत्साहन स्वरूप देकर सम्मानित किया।

**कैप्टन रूपसिंह के 116वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

### खेल जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ी भी सम्मानित

इस कार्यक्रम में खेल जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में सुनील डावर अन्तरर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी, प्राची यादव पैरा केनो खिलाड़ी (ओलंपिक क्वालीफायर), श्रुति यादव अन्तरर्राष्ट्रीय बॉक्सर, शिवानी वर्मा अन्तरर्राष्ट्रीय कयाकिंग कैनोइंग खिलाड़ी, प्रगति दुबे अन्तरर्राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी, सुन्दरम रजावत, स्वर्ण पदक विजेता खेलो इंडिया यूथ गेम्स जूनियर नेशनल हॉकी, शशांक वाथम सैलिंग, अंशुल यादव तायक्वोंडो जूनियर नेशनल स्वर्ण पदक विजेता एशियन चैंपियनशिप में भागीदारी, अंकिता कुशवाह हॉकी, अर्जुन वास्कले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में सहभागिता, कंचन पटेल ब्लाइंड फुटबाल वर्ल्ड कप बर्मिंघम को सम्मानित किया।

## स्वर्गीय दया कुमार एवं रंभा चतुर्वेदी स्मृति टेबल टेनिस रैंकिंग चैंपियनशिप आज से



**भोपाल,(खेसं)।** जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन, भोपाल द्वारा दिनांक 9 सितम्बर 23 से स्वर्गीय दया कुमार एवं रंभा चतुर्वेदी स्मृति भोपाल डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस रैंकिंग चैंपियनशिप की खुली स्पर्धा टी टी नगर के टेबल टेनिस हाल में आयोजित की जा रही है। स्पर्धा में 11,13,15,17,19,आयु वर्ग एवं सीनियर महिला पुरुष के मुक़ाबले खेले जाएंगे। सचिव साबिर अली ने बताया की ज़िले की इन्ही स्पर्धाओं के आधार पर टीमों का चयन किया जायगा जो आगामी आने वाली स्टेट चैम्पियनशिप में भाग लेंगी।



## बिना जिम जाए इन एक्टिविटीज से खुद को रख सकते हैं स्वस्थ

आजकल खुद को स्वस्थ रखना एक बहुत बड़ी चुनौती है। इन दिनों लोगों को हाई बीपी डायबिटीज जैसी कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। फिट रहने के लिए डाइट और एक्सरसाइज पर ध्यान देना काफी जरूरी है। नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से अवसाद, अल्जाइमर सहित कई बीमारियों से बच सकते हैं। लोग शरीर को फिट रखने के लिए जिम में घंटों पसीने बहाते हैं। चाहें तो आप घर पर ही कुछ खास एक्टिविटीज कर बढ़ते वजन को कंट्रोल कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं, बिना जिम जाए खुद को कैसे फिट रखें।

**कोई गेम खेलें**

बढ़ते वजन को कंट्रोल करने के लिए आप अपनी डेली रूटीन में गेम शामिल कर सकते हैं। इसके लिए स्विमिंग, टेनिस आदि खेल सकते हैं। इससे मांसपेशियों के निर्माण और फिट रहने में मदद मिलती है। फिजिकल एक्टिविटीज के जरिए कोलेस्ट्रॉल और हाई बीपी को भी कंट्रोल कर सकते हैं।

**रस्सी कूदना**

बचपन में रस्सी कूदने में कितना आनंद आता था। वजन कम करने के लिए आपको रोजाना घर पर



नियमित रूप से करीब 15-20 मिनट तक रस्सी कूदना चाहिए। इससे ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है।

**योग करें**

योग करने से आप कई बीमारियों से दूर रह सकते हैं। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो नियमित रूप से योग करें और घर पर योग करना काफी सरल है। इंटरनेट पर आपको योग के कई वीडियोज मिल जाएंगे, जिन्हें करने से फिट रहन में मदद मिलेगी। वजन कम करने के लिए आप घर पर ही कुछ एक्सरसाइज आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए लंजेस, प्लैंक, स्क्वैट्स, पुश-अप्स सहित और कई एक्सरसाइज कर सकते हैं। इन्हें घर पर करना बेहद आसान है। ये आपकी मांसपेशियों को टोन करने में भी मदद करती हैं।

**वॉक करें**

फिट रहने के लिए रोजाना वॉक करना बेहद जरूरी है। इससे वजन भी नियंत्रित रहता है। पैदल चलने से आप स्वस्थ रहेंगे। इसके अलावा आपके हृदय स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलता है। जिन लोगों को मोटापे की समस्या है, वो नियमित रूप से वॉक करके वजन को कंट्रोल कर सकते हैं।

## होठों के रंग से मिलता है बीमारी का संकेत

शरीर किसी भी समस्या की निशानी पहले से दिखाने लगता है, जिसे समय से अगर आप जान जाएं तो इसका इलाज कर सकते हैं। यहां हम होंठ के रंग की बात करने वाले हैं, बचपन में ज्यादातर लोगों के होंठों का रंग गुलाबी होता है लेकिन समय के साथ इनका रंग लाल, जामुनी, सफेद और काला भी होने लगता है। होंठों के रंग का बदलना कई बातों का संकेत देता है। आइए जानते हैं होंठ का रंग शरीर की किस गड़बड़ी को बताता है।

**आपके होठों के रंग का क्या मतलब है?**

**लाल होंठ** : होंठ अगर गुलाबी दिखने के बजाय ज्यादा लाल दिखें तो समझ जाइए कि आपको लिवर संबंधी कोई समस्या है। लीवर कमजोर होने पर होंठ का रंग लाल दिखने लगता है। इसके अलावा किसी एलर्जी के कारण भी होंठ का रंग लाल हो सकता है।

**पीले और सफेद होंठ** : अगर आपके होंठों का रंग पीला या सफेद सा दिखने लगा है तो इसका कारण एनीमिया हो सकता है। शरीर में खून की कमी होने पर होंठ सफेद दिखने लगते हैं। इसके अलावा ब्लड में बिलुरुबिन की मात्रा बढ़ने से होंठ का रंग पीला दिखने लगता है। कई बार वायरल इंफेक्शन के कारण भी होंठ पीले दिखते हैं।

**काले होंठ** : काले होंठ ज्यादातर ब्यूटी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के कारण होते हैं, इसके अलावा जो लोग सिगरेट पीते हैं उनके होंठों का रंग भी धीरे-धीरे काला दिखने लगता है।

**जामुनी होंठ** : कई बार ज्यादा ठंड लगने पर होंठों का रंग जामुनी हो जाता है। दिल या फेफड़ों से संबंधित कोई बीमारी होने पर भी होंठों का रंग जामुनी दिखने लगता है। इसके अलावा अगर आपका पेट सही नहीं रहता है और पाचन की दिक्कत होती है तो ऐसे में भी होंठों का रंग जामुनी दिखने लगता है।

# स्किन और बाल झड़ने की समस्या को दूर करता है मेथी का पानी

क्या आप उन सौंदर्य उत्पादों पर ढेर सारा पैसा खर्च करते-करते थक गए हैं जो चमत्कारी परिणाम देने का वादा करते हैं लेकिन अक्सर असफल साबित होते हैं? आगे कोई तलाश नहीं करें! प्रकृति ने हमें अविश्वसनीय उपचार प्रदान किए हैं और ऐसा ही एक रत्न है मेथी का पानी। यदि आप अपने बालों और चेहरे की सुंदरता को बढ़ाने के लिए प्राकृतिक तरीका तलाश रहे हैं, तो आपके लिए यह एक अच्छा मौका है। यह साधारण सामग्री, जिसे मेथी के नाम से भी जाना जाता है, आपकी सुंदरता को बदलने की क्षमता रखती है। आइए मेथी के पानी की दुनिया में उतरें और जानें कि इसकी शक्ति का प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जाए।

**मेथी का पानी**

मेथी, जिसे वैज्ञानिक रूप से ट्राइगोनेला फोनम-ग्रेकम कहा जाता है, पारंपरिक चिकित्सा और पाक कला में समृद्ध इतिहास वाली एक जड़ी बूटी है। रसोई में इसके उपयोग के अलावा, मेथी के बीज को बालों और त्वचा के लिए उनके उल्लेखनीय लाभों के लिए सराहा गया है। मेथी का पानी एक गुणकारी मिश्रण है जिसे मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर आसानी से तैयार किया जा सकता है। यह सरल जलसेक प्रक्रिया बीजों को अपने पोषक तत्वों को पानी में छोड़ने की अनुमति देती है, जिससे एक सौंदर्य अमृत बनता है जो अच्छाई से भरपूर होता है।





**मेथी के पानी की सुंदरता को अपनाएं**

**जटिल सौंदर्य दिनचर्या और सिंथेटिक उत्पादों से भरी दुनिया में, मेथी का पानी प्रकृति की शक्ति की ताज़ा याद दिलाता है। लगातार उपयोग से, आप इसकी अविश्वसनीय क्षमता को उजागर कर सकते हैं और ऐसे बाल और त्वचा प्राप्त कर सकते हैं जो स्वास्थ्य और सुंदरता बिखेरते हैं।**

**मेथी के पानी के सौंदर्य लाभ**

शानदार बाल विकास मेथी का पानी प्रोटीन, आयरन और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों का खजाना है जो बालों के विकास को बढ़ावा देता है। खोपड़ी पर मेथी का पानी नियमित रूप से लगाने से बालों के रोम उत्तेजित हो सकते हैं, बालों का गिरना कम हो सकता है और सुंदर बालों के विकास को बढ़ावा मिल सकता है।

डैंड्रफ को अलविदा कहें, उन कष्टप्रद सफेद गुच्छों को अलविदा कहें।



मेथी के पानी में एंटीफंगल गुण होते हैं जो रूसी से निपटने में मदद करते हैं और खुजली वाली खोपड़ी को शांत करते हैं। इसका मॉइस्चराइजिंग प्रभाव शुष्कता को भी रोकता है, जिससे आपकी खोपड़ी और बाल स्वस्थ रहते हैं।

युवा और चमकदार त्वचा एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन से भरपूर, मेथी का पानी आपकी त्वचा को चमक प्रदान कर सकता है। यह उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने, त्वचा की लोच बढ़ाने और प्राकृतिक चमक प्रदान करने में मदद करता है जिसे अनदेखा करना मुश्किल है।

**अपनी सौंदर्य दिनचर्या में शामिल करें**

सरल तैयारी मेथी का पानी बनाना बहुत आसान है। बस दो बड़े चम्मच मेथी के दानों को रात भर एक कप पानी में भिगो दें। सुबह पानी छान लें और आपका सौंदर्य अमृत तैयार है!

सौम्य क्लींजर मेथी के पानी को सौम्य फेस क्लींजर के रूप में उपयोग करें। इसके जीवाणुरोधी गुण आपकी त्वचा के प्राकृतिक तेल को छीने बिना उसे साफ करते हैं, जिससे आपको ताजगी और तरोताजा महसूस होता है।

हेयर मास्क मार्वल एक पौष्टिक हेयर मास्क बनाने के लिए मेथी के पानी को दही के साथ मिलाएं। इसे जड़ से सिरे तक लगाएं, 30 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर धो लें। अपने बालों को मुलायम, चमकदार और अधिक प्रबंधनीय होते हुए देखें।

त्वचा को आराम चिड़चिड़ी त्वचा या मुंहासा-प्रवण त्वचा के लिए, मेथी के पानी में भिगोई हुई कपास की गेंद को थपथपाने से राहत मिल सकती है और सूजन कम हो सकती है। इसके प्राकृतिक सुखदायक गुण जादू की तरह काम करते हैं।

# सूर्य नमस्कार से कर सकते हैं हिप और फैट कम

सूर्य नमस्कार के बारे में तो आपने सुना ही होगा। इसमें 12 योगासन होते हैं जो कि शरीर के अलग-अलग अंगों के लिए काम करते हैं। ये दिमाग से लेकर शरीर के अलग-अलग अंगों के लिए काम करते हैं। इन्हें करना पाचन तंत्र को तेज करने और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को तेज करने में मददगार है। इसके अलावा भी सूर्य नमस्कार के कई फायदे हैं। लेकिन, आज हम बात करेंगे कि क्या सूर्य नमस्कार करने से हिप फैट कम करने में भी मदद मिल सकती है। आइए, जानते हैं सूर्य नमस्कार के इन्हीं फायदे के बारे में। फिर जानेंगे कि 1 दिन में कितनी बार सूर्य नमस्कार करना चाहिए।

तो हां, सूर्य नमस्कार हिप फैट को कम करने में मददगार है। दरअसल, सूर्य नमस्कार से जब हम शुरू करते हैं तो, ये आपको थोड़ा गर्म करने में मदद करेगा



और आपकी मांसपेशियों को थोड़ा अधिक लचीला बना देगा। यह आपके शरीर को बेहतर ढंग से फैलाने और आपकी ऊपरी जांघों और हिप्स की मांसपेशियों को टोन करने में मदद करता है। इसे ऐसे समझें कि जब आप सूर्य नमस्कार कर रहे होते हैं तो, मांसपेशियों की गतिविधि के दौरान फैट का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है और इससे वजन कम होता है। आप सूर्य नमस्कार को विकल्प के रूप में भी चुन सकते हैं। यह योग व्यायाम पूरे शरीर को टोन करने में मदद करेग। इस तरह ये हिप फैट को कम करने में कारगर तरीके से मददगार है।

**दिन में कितनी बार सूर्य नमस्कार करना चाहिए-**

1 दिन में आपको लगभग 2 बार सूर्य नमस्कार करना चाहिए। क्योंकि इसमें 12 योगा के सेट हैं जिसे 2 बारी पूरा-पूरा करने का मतलब है 24 बार एक्सरसाइज करना। पहले शुरुआत में 20 मिनट के लिए एक्सरसाइज करें। आपके फिटनेस के आधार पर, सूर्य नमस्कार के 5 से 10 राउंड करें। रेगुलर इसे करना आपके पूरी बॉडी फैट को कम करने में मददगार है।

इसके अलावा आप समय के साथ रेगुलर 12 योगासन करना शुरू कर दें। ये आपके शरीर के लिए पूरी तरह से काफी होगा। ये न सिर्फ हिप फैट को कम करेगा बल्कि, ये शरीर के बाकी फैट को कम करके कैलोरी बर्म करके टोनिंग में भी मददगार होगा।

# कुत्ता काटे तो न करें लापरवाही, इतने घंटे में लगवा लें इंजेक्शन

कुत्ता काटना काफी खतरनाक होता है। गली-मुहल्ले और सड़क पर घूमते कुत्ते अक्सर आते-जाते लोगों को काट लेते हैं। वे आपके पैर या शरीर के किसी अंग में दांत घुसा सकते हैं। ऐसे में अगर कुत्तों में जहर खत्म करने का टीका न लगा हो तो वह ज्यादा खतरनाक हो सकता है। इससे असहनीय दर्द तो होता ही है, कई इंजेक्शन लगवाना पड़ता है। अगर सही समय पर इंजेक्शन न लगवाया जाए तो रैबीज की बीमारी लग जाती है और इससे मौत भी हो सकती है। इसलिए कुत्ता काटे तो लापरवाही नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं कुत्ता काटने पर सबसे पहले क्या करना चाहिए और कब इंजेक्शन लगवाना चाहिए...।

**कुत्ते काटने पर सबसे पहले क्या करें**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कुत्ता काटने पर सबसे पहले उस जगह को धोना चाहिए। डिटर्जेंट साबुन



जैसे कि रिन या सर्फ एक्सेल साबुन से इसे धोना चाहिए। अगर जख्म काफी गहरा है तो उस जगह साबुन से धोकर बिटाडिन मलहम लगाएं। इससे रैबीज वायरस का असर थोड़ा कम करने में मदद मिलता है, लेकिन इसे अच्छी तरह से साफ करना जरूरी है। इसके साथ ही कुत्ते काटने के बाद टेटनस का इंजेक्शन भी सबसे पहले लगवाना चाहिए। बता दें कि टिटनेस का इंजेक्शन घाव ठीक करने के लिए नहीं बल्कि वैक्सीन की तरह काम करता है।

**कुत्ता काटने पर कब लगवाना चाहिए इंजेक्शन**

डॉक्टर के मुताबिक, कुत्ता काटने के 24 घंटे के अंदर-अंदर तक एंटी रैबीज का इजेक्शन हर हाल में लगवा लेना चाहिए। वरना कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। अक्सर कुत्ता काटने के बाद 5 इंजेक्सन लगवाना पड़ता है लेकिन पहला इंजेक्शन 24 घंटे में ही लग जाना चाहिए। इसके बाद दूसरा इंजेक्शन तीसरे दिन, तीसरा 7वें दिन, चौथा 14वें दिन और आखिरी 28वें दिन लगता है। डॉक्टर बताते हैं कि कभी-कभी इंजेक्सन लगाने के बाद कुछ लोगों को बुखार जैसी समस्या हो सकती है। हालांकि, इसके लिए घबराने की जरूरत नहीं है।



## परिवार के साथ बैठकर भोजन करने से कई बीमारियां होती है कम

एक समय ऐसा भी था जब संयुक्त परिवार की हुआ करते थे आज कुछ घर ही ऐसे बचे हुए हैं जहां संयुक्त परिवार एक छत के नीचे परिवार के साथ रहते हैं और उनके साथ भोजन करते हैं। क्या आपको मालूम है कि परिवार के साथ बैठकर खाना खाने से तनाव को कम किया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार जो लोग परिवार के साथ खाना खाते हैं या उनके साथ रोजाना 15 से 20 मिनट का समय बिताते हैं, उनमें तनाव कम होता है।

**माता-पिता के साथ भोजन**

अधिकतर माता-पिता का कहना है कि साथ खाना खाने से उनके परिवार में कम तनाव देखा गया। वहीं, कुछ फीसदी का कहना है कि तनाव से बचने के लिए वे रोजाना अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं। विशेषज्ञों की माने तो आजकल काम के बोझ तले लोग अपने परिवार से ही दूर हो जाते हैं। किसी को अलग शहर या देश में जाकर उनसे दूर रहना पड़ता है, तो कोई एक साथ रहते हुए भी उनके साथ समय नहीं बिता पाता है। इससे अमूमन लोग अकेलेपन का शिकार हो जाते हैं और यह अकेलापन धीरे-धीरे उन्हें तनाव और डिप्रेशन की ओर ले जाता है। यही तनाव परिवार में कलह का कारण बनता है। इसलिए परिवार के साथ रोजाना कम से कम 15 मिनट जरूर बिताने चाहिए।

**सामाजिक संबंध में सुधार**

दूसरों के साथ खाना तनाव को कम करने, आत्मसम्मान को बढ़ावा देने और विशेष रूप से बच्चों के लिए सामाजिक संबंध में सुधार करने का एक शानदार तरीका है। दोस्तों, परिवार, सहकर्मियों और पड़ोसियों के साथ जुड़ने से लोगों में तनाव कम होता है।

**दिल की बीमारी का खतरा**

लंबे समय तक तनावग्रस्त रहने वाले लोगों में हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों का खतरा अधिक होता है। तनाव, ब्लड प्रेशर के स्तर को बढ़ा देता है जिसे दिल की बीमारी का प्रमुख कारण माना जाता है। यदि लंबे समय तक तनाव को प्रतिबंधित न किया जाए तो गंभीर स्थितियों में यह हार्ट अटैक जैसी जानलेवा बीमारियों का भी कारण बन सकता है।

## बॉडी मसाज से अपने आपको रख सकते हैं तरोताजा

आज की तेज-तर्रार दुनिया में, जहां तनाव और तनाव हमारे निरंतर साथी प्रतीत होते हैं, आराम करने और तरोताजा होने के तरीके खोजना आवश्यक हो गया है। ऐसा ही एक प्रभावी तरीका है शरीर की मालिश करना। यह न केवल रोजमर्रा की भाग-दौड़ से मुक्ति प्रदान करता है, बल्कि असंख्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इस लेख में, हम शरीर की मालिश की दुनिया में गहराई से उतरेंगे, उनके फायदों पर प्रकाश डालेंगे और आपको अपना अगला सत्र कब निर्धारित करना है, इसके बारे में मार्गदर्शन करेंगे।



शारीरिक मालिश की शक्ति को समझना शरीर की मालिश केवल विशेष अवसरों के लिए आरक्षित विलासिता नहीं है। यह कई सकारात्मक परिणामों वाला एक चिकित्सीय अभ्यास है। आइए जानते हैं इसके लाभों के बारे में-

**तनाव से राहत**

मालिश आपका अभयारण्य हो सकता है, जो जीवन के दबावों से अस्थायी मुक्ति प्रदान करता है।

कोर्टिसोल में कमी- यह तनाव हार्मोन के उत्पादन को कम करता है, विश्राम को बढ़ावा देता है।

**दर्द प्रबंधन**

मांसपेशियों का तनाव मुक्ति- मालिश मांसपेशियों की गांठों को लक्षित करती है, जिससे दर्द और परेशानी से राहत मिलती है।

पुराने दर्द से राहत- नियमित सत्र से पुराने दर्द की स्थिति में काफी कमी आ सकती है।

**बेहतर नींद बेहतर विश्राम** मालिश गहरी विश्राम की स्थिति उत्पन्न करके नींद की गुणवत्ता में सुधार करती है। अनिद्रा का इलाज। ये अनिद्रा के लिए एक प्रभावी प्राकृतिक उपचार हो सकते हैं।

**बढ़ा हुआ सर्कुलेशन रक्त प्रवाह को बढ़ावा**

मालिश रक्त परिसंचरण को उत्तेजित करती है, कोशिकाओं तक ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाती है।

**सूजन कम करना-**

वे कुछ स्थितियों में सूजन और सूजन को कम कर सकते हैं। मालिश चिंता और अवसाद के लक्षणों को कम कर सकती है।

**बेहतर मूड**

वे सेरोटोनिन और एंडोर्फिन की रिहाई को बढ़ावा देते हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं। नियमित मालिश आपके प्रतिरक्षा प्रणाली की कार्यक्षमता को बढ़ा सकती है।

**विष निकालना-** वे शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं, जिससे समग्र स्वास्थ्य में सहायता मिलती है।

# प्रयागराज : अद्वितीय एवं आकर्षक है शुक्लपुर का श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

## नन्दलाल के बाल स्वरूप का दर्शन कर भक्त हुए भाव विभोर, सैकड़ों वर्ष से आयोजित होता हैं योगेश्वर श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

प्रखर प्रयागराज। प्रयागराज के शुक्लपुर गांव में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य एवं दिव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कान्हा की सुंदर झांकी निकाली गयीं। झांकी को देख भक्तजन भाव विभोर हो गए। समारोह में मौजूद लोग शिशु रूप में श्रीकृष्ण को देख खुद को भूल गए और खडे होकर सभी प्रभु के सामने शीश झुकाते हुए जन्मोत्सव का आनंद उठाया।

शुक्लपुर में आयोजित होने वाला यह भव्य समारोह सैकड़ो साल से आयोजित किया जा रहा है। गंगा पार की पवित्र माटी चौरासी की पवित्र भूमि में यह समारोह अपनी एक विशेष छाप छोड़ता है। त्रिपाठी परिवार के अग्रज वीरेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र त्रिपाठी, भूपेंद्र त्रिपाठी और आचार्य उपेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है। जिसमें काफी संख्या में भक्तगण शामिल होते हैं। महिलाएं और बच्चे भी यहां उपस्थित होकर जन्मोत्सव का आनंद उठाते हैं। सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां भगवान के दर्शन करने खुद पहुंचती है। गंगा की पवित्र माटी में यह अपने आप में अद्वितीय समारोह है। इस समारोह का लोगों को इंतजार रहता है।

जन्माष्टमी कार्यक्रम की तैयारी त्रिपाठी परिवार की तरफ से कई दिन पूर्व से होने लगती है। बेहतरीन और सुंदर सजावट होती है। भगवान श्रीकृष्ण को चांदी के पालने में रखा जाता है। उनके लिए एक खास तरह का भव्य मंदिर बनाया गया है जिसमें कांच की सुंदर कारीगरी की गयी है। पूरे कार्यक्रम स्थल को तोरण और पताकाओं से सजाया जाता है।

भगवान कृष्ण की सुंदर छबियां लगाई जाती हैं। इसके अलावा सुंदर-सुंदर सुविचार लोगों को अपनी तरह आकर्षित करते हैं। जन्मोत्सव कार्यक्रम खत्म होने के बाद समस्त लोगों



को महाप्रसाद का वितरण किया जाता है।

जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व ही रामचरितमानस का पाठ शुरू हो जाता है। जिसमें चौरासी क्षेत्र के जाने-माने रामायण कलाकार पानी कला का प्रदर्शन करते हैं। रात में जन्मोत्सव के दौरान तकरीबन छह घंटे का भव्य और दिव्या भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें जानेमाने स्थानीय भजन गायक पहुंचते हैं।

कार्यक्रम का संचालन त्रिपाठी परिवार के सबसे छोटे अनुज आचार्य उपेंद्र त्रिपाठी की तरफ से किया जाता है। जन्मोत्सव जब 30 मिनट रह जाता है तो परिवार की सबसे अग्रज वीरेंद्र त्रिपाठी जन्मोत्सव भजन का गायन करते हैं जिस पर लोग झूमते हैं। लक्ष्मी नारारायण त्रिपाठी का परिवार मूलरूप से बरौत करारी भदैली गांव से शुक्लपुर नाना की गद्दी पर गया है। त्रिपाठी परिवार के नाना पंडित शिव सेवक मिश्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बड़ी रानैतिक हस्ती रहे। देश में जब कांग्रेस का दौरा और राज था तो पंडित मिश्र की अपनी अलग सियासी हनक रहीं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाला बहादुर शास्त्री भी उन्हें अच्छी तरह जानते थे। लेकिन उनकी राजनीति चारित्रिक रहीं।

शुक्लपुर गांव में स्थापित इंटर कॉलेज की स्थापना में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। पैतृक गांव भदैली में जन्माष्टमी और रामनवमी का समारोह सैकड़ों सालों से आयोजित हो रहा है। त्रिपाठी परिवार में ही एक परिवार रामनवमी और एक परिवार जन्माष्टमी का आयोजन सैकड़ो साल से करता चला रहा है। इस बार शुक्लपुर गांव में जन्मोत्सव का आनंद लेने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रेवती रमन सिंह, नीलम करवरिया रईस शुक्ला एवं योगेश शुक्ला समेत कई गणमान्य हस्तियां पहुंची।

## वनवासी समाज द्वारा भक्तमाल की कथा का आयोजन

प्रखर केराकत जौनपुर। भक्तमाल की कथा-ज्ञानयज्ञ का आयोजन केराकत क्षेत्र के ग्राम डेढ़ूआना में गुरुवार से प्रारम्भ हुआ। कथा के मुख्य यजमान किशन बनवासी रहे, कथा वाचक काशी के आचार्य पंडित बृजेश त्रिपाठी एवं उनके सहयोगी सिन्कु महराज सहित अनेक सहयोगियों द्वारा ज्ञान की गंगा बहाई जा रही है, अमृतमयी कथा का समस्त क्षेत्रवासी श्रोतागण रसपान किए। इस कथा के मुख्य रूप से योजनाकार केराकत के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी रहे, व कथा के आरंभ से लेकर समापन तक बने रहे, आरती कर कथावाचक का आशीर्वाद लेतें हुए सभी श्रोताओं कों बधाई भी दिया कि आप लोग इतने अनोखे और अद्भुत आयोजन में सहयोग प्रदान कर इतिहासिक कार्य के आयोजन में सहभागी बन रहे है। पूर्व में भी सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु पूर्व विधायक नें कई बड़े आयोजन कर चुके हैं, पूर्व में अपने खर्चे से बाबा काशी



विश्वनाथ का दर्शन करीब 200 से अधिक वनवासी समाज के लोगों को, हिन्दू धर्म में घरवापसी कराते हुए उन्हें बाकायदा दीक्षा दिलाते हुए पूजन अर्चन कर सत्कर्म के मार्ग पर प्रेरित करते रहतें है। कथावाचक आचार्य पंडित बृजेश त्रिपाठी नें कहा कि हमें नशा नही करना चाहिए, अपने भोजन में मांसाहार कों सम्मलित नही करना चाहिए। नशा नाश की जड़ है अपने बच्चों को शिक्षा देने पर बल दे, शिक्षित बनाने की दिशा में कार्य करें। इस प्रकार का आयोजन क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है,वास्तव में इस प्रकार के आयोजन की आवश्यकता है। यह कथा आज अंतिम सत्र में थीं,कल अंतिम दिन 10 सितंबर को भंडारे का आयोजन है। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक के मीडिया प्रभारी एवं भाजयुमो के जिला मंत्री गौतम मिश्र गोलू, आर.डी. चौधरी, बिना सिंह, विनय यादव, बबलू यादव, बदल राय, रामचंद्र बनवासी, दलसिंगार वनवासी, अनिल वनवासी, गीता, मीना सहित सैकड़ो क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## डॉ. श्वेता सिंह राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

प्रखर प्रतापगढ़। शिक्षा क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए बेल्हा के संडवा विकास खंड की शिक्षिका डॉ. श्वेता अरविंद सिंह को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. शिक्षक दिवस पर पुरस्कृत करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से प्रदेश के हर जिले से उल्लेखनीय कार्य वाले एक शिक्षक का चुनाव किया गया था. लखनऊ के लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की उपस्थिति में चयनित शिक्षिकों को पुरस्कार दिया गया. इसमें विकास खंड संडवा चंद्रिका के प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर में कार्यरत शिक्षिका डॉ. श्वेता अरविंद सिंह को भी सम्मानित किया गया. उल्लेखनीय है कि श्वेता सिंह बच्चों की प्राथमिक शिक्षा को बेहतर एवं सरल बनाने के लिए तमाम प्रयास किए हैं. कोरोना काल में घर-घर जाकर बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए प्रेरित किया. यही नहीं उन्होंने बच्चों को मोबाइल पर कैसे पढ़ाई की जाए, इस बारे में जानकारी उपलब्ध कराई. इसके अलावा इनका निपुण भारत



अभियान में सराहनीय योगदान रहा. इस उपलब्धि के लिए बीएसए भूपेंद्र सिंह, पूर्व विधायक वृजेश मिश्र, मुंबई से प्रकाशित होने वाले हिंदी अखबार नवभारत के ठाणे प्रभारी राकेश पांडेय, सेवानिवृत्त सेना हवलदार राम केवल यादव, सहित शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। डॉ. श्वेता सिंह अमेठी स्थित आरआरपीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार सिंह की धर्मपत्नी हैं. वे 1999 में शिक्षा क्षेत्र से जुड़ीं और शिक्षा क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया. यही कारण है कि जिले भर में श्रीमती सिंह का चयन किया गया. पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. श्वेता सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा एवं लगन से निभानी चाहिए, उसे जरूर सफलता मिलेगी. उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर देश के भविष्य को संवारने की अहम जिम्मेदारी है, इसलिए नई पीढ़ी को अत्याधुनिक शिक्षा के साथ ही अपने संस्कार से अवगत कराना बहुत जरूरी है. शिक्षित एवं संस्कारवान पीढ़ी ही देश का समुचित विकास कर सकती है।

## घोसी की जीत पर सपाईयों ने मनाया जश्न




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। घोसी के हुए उप चुनाव मे सपा प्रत्याशी की जीत पर सपाईयो ने मनाया जश्न। लोहटिया मे पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा एवं विकास यादव बच्चा के नेतृत्व मे ढोल नगाढो की थाप पर थिरकते हुए मिठाई बांटकर आतिशबाजी किया व खुशी का इजहार किया पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा कि घोसी की जनता ने घोसी बचाओ बाहरी भगाओ के नारे को सिद्ध करते हुए सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह को पुरा सम्मान देते हुए सपा के पक्ष मे जनादेश दिया। सपा नेता विष्णु शर्मा ने कहा कि उ प्र सरकार का पुरा मंत्रीमंडल घोसी मे कैम्प कर मतदाताओ को गुमराह करने के साथ साथ भय एवं आतंक का माहौल बनाकर सरकारी मशीनरी ने खुलकर गुडंई कर मतदान प्रभावित करने प्रयास किया गया। सपा नेताओ ने कहा कि इडिया गठबंधन से भाजपाई अब सदमे है आगमी लोक सभा के चुनाव मे इंडिया गठबंधन उ.प्र. में पचास से ऊपर जीत दर्ज कराकर कीर्तिमान स्थापित करेगी एवं अब 2024 के लोक सभा चुनाव मे केंद्र मे एनडीए सरकार की जगह इडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव राजू यादव, विकास यादव बच्चा, तनुज पाण्डेय, हैदर गुड्डू, संदीप यादव, डा. आनंद प्रकाश तिवारी, जावेद अंसारी, राजेश यादव, रोहित यादव, बशीर अहमद, गुड्डू मास्टर, अब्दुल कलाम हाशमी आदि लोग उपस्थित थे।

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार खाई में पलटी

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बादशाही पेट्रोल पंप के बगल में बाइक सवार को बचाने में कार खाई में पलटी कार सवार मामूली रूप से घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुगलसराय निवासी अकील अहमद बाबू उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी सदस्य व किसान कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष अपनी बहन के साथ अंबेडकर नगर जिले में स्थित मखदूम साहब मजार से दर्शन कर लौट रहे थे की उक्त स्थान पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार सड़क के किनारे खाई से होते हुए धान के खेत में जाकर पलट गई। जिसमें दोनों भाई बहन को मामूली चोटे आई हैं। घटना सुबह लगभग 7:00 बजे की है। नजदीकी डॉक्टर से दवा इलाज लेकर दूसरी गाड़ी से घर चले गए बाइक सवार भी मौके से फरार हो गए।

## मातृशक्ति के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया

प्रखर वाराणसी। विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मातृशक्ति के नेतृत्व में मनाया गया। बता दें कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मातृशक्ति ने संगठन की मजबूती पर जोर देने की बात कही गई। इस दौरान कार्यकर्ता को स्थापना दिवस के बारे में विस्तार से भी बताया गया। बतादे कि कार्यक्रम भोजूबीर स्थिति विंध्यवासिनी नगर कालोनी के श्री कृष्ण मंदिर में आयोजित किया गया। विश्व हिंदू परिषद के काशी प्रांत संगठन मंत्री नितिन जी की मौजूदगी में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने कहा कि 1964 को जन्माष्टमी के दिन विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई थी। जिसका उद्देश्य पूरे हिंदू समाज को संगठित करना व धर्मांतरण पर रोक लगाना, गो तस्करी पर रोक लगाना, लव जिहाद पर रोक लगाना, हिंदू मठ मंदिरों की सुरक्षा का बंदोबस्त करना था। और हम सब उसी क्रम में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। विहिप के






उपस्थित पदाधिकारियों में विभाग मातृशक्ति रागिनी मिश्रा, विभाग मंत्री राजन तिवारी, महानगर उपाध्यक्ष उमेश मिश्र, दुर्गा, डा अरुण, अलका, व दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अटल विद्यालय में प्रवेश के लिए 41 छात्र का हुआ चयन, जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालय करसड़ा, राजा तालाब, वाराणसी में चालू वर्ष के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु निर्धारित 80 सीटों में से गाजीपुर के कुल 41 बच्चों का चयन हुआ है। जिस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने सभी छात्र-छात्राओं को राइफल क्लब में प्रतिभा सम्मान पत्र देकर उन्हें माला पहनकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए राजेश यादव को बुके देकर स्वागत किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी पूर्ति यादव द्वारा बताया गया की पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों व कोविद-19 महामारी के दौरान अनाथ हो चुके



बच्चों का भविष्य संवारने के लिए मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालय है। इस विद्यालय में बच्चों को राष्ट्र के मुख्य धारा में सम्मिलित करने के लिए सुविधा प्रदान की जाएगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया की विद्यालय में प्रवेशित सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी साथ ही विद्यालय परिसर में ही आवास, भोजन, स्टेशनरी इत्यादि दैनिक उपयोग की वस्तुएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों का मेरिट के आधार पर प्रवेश किया जाता है इस योजना के लिए बोर्ड में पंजीकृत ऐसे निर्माण श्रमिक जो न्यूनतम 3 वर्ष से सदस्यता ले चुके हो वही पात्र हैं। इस योजना अंतर्गत पंजीकृत ऐसे श्रमिक के अधिकतम दो बच्चे विद्यालय में अध्ययन करने हेतु पात्र होंगे।

## द मर्सी क्लब ने मेरी माटी मेरा देश के तहत लिया प्रण, किया शहीदों को नमन

प्रखर जौनपुर। प्रांतीय अध्यक्ष एजाज हाशमी के आह्वान पर आज क्लब के सदस्यों ने जौनपुर शहर के हमाम घाट स्थित एक प्रागण में सरकार की मंशा अनुरूप चलाए जा रहे कार्यक्रम का अनुपालन किया। इस मौके पर एक कार्यक्रम वरिष्ठ सदस्य शिक्षक कलीम सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुआ,श्री कलीम ने बताया की "मेरा माटी मेरा देश" का अभियान अनवरत 13 सितंबर तक चलेगा। "मेरा माटी मेरा देश" अभियान राष्ट्र जागरण का अभियान है जिसके अंतर्गत हम सभी को अपनी मिट्टी अपनी वसुंधरा का वंदन करते हुए देश के वीरों को नमन करना है और उनके सम्मान में हमें एक वृक्ष लगाकर अमृत वाटिका को सजाने का काम करना है और घर घर जाकर एक चुटकी चावल अमृत कलश में संग्रह कर विकसित भारत के निर्माण के लिए पंच प्रण का संकल्प लेना हैं। इस मौके पर रियाजुल हक ने अपने वक्तव्य में कहा की यह कार्यक्रम शुद्ध रूप से सरकारी कार्यक्रम है, सभी को इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना




चाहिए कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद खालिक मंसूरी ने तो वही कार्यक्रम का समापन नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम ने किया इस मौके पर मुख्य रूप से शमीमुल हसन बब्बू, अजय दुबे, रितेश श्रीवास्तव, आफताब सिद्दीकी, मुस्तकिम अहमद, मनोज सेठ, जितेंद्र, राजेश, फिरोज अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## संक्षिप्त खबरें

### विधि विभाग द्वारा साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। साक्षरता दिवस के अवसर पर विधि विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के द्वारा शारदा जनजातीय छात्रावास पिशाचमोचन लहुराबीर में एक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ` कार्यक्रम के अन्तर्गत साक्षरता के उद्देश्य को बताते हुए डॉ. शिल्पी गुप्ता ने कहा कि मात्र शब्द को जोड़कर पढ़ लेना, दस्तखत कर लेना ही साक्षरता नहीं है बल्कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार समाज का उन्नयन ही मुख्य आधार है। इस अवसर पर जनजातीय छात्रावास की छात्राओं को स्टेशनरी सम्बंधी सामान का वितरण किया गया है इस कार्यक्रम में डॉ. मेराज हाशमी, पवन कुमार सिंह सहित विधि के छात्र उपस्थित रहे।

### सुधाकर सिंह की जीत अखिलेश यादव के कुशल नेतृत्व की जीत हैं : शशिप्रताप सिंह




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सपा सहयोगी दल नेशनल पार्टी अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह ने अपने कार्यालय भरलाई शिवपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि घोसी उपचुनाव में सपा के प्रत्याशी सुधाकर सिंह की जीत को अखिलेश यादव के कुशल नेतृत्व की जीत है घोसी के पढ़े लिखे लोगों की जीत बताई` अहंकार पर सत्य की जीत है रावण पर राम की जीत, झूठ पर सच की जीत, अमर्यादित पर मयार्दा की जीत है अभद्रता पर अच्छे आचरण की जीत,जुमले पर सत्यवादियों की जीत, बिकाऊ पर टिकाऊ की जीत, लोकतंत्र में ईमानदारी की जीत, महंगाई से निजात के लिए जीत है घमंड़ पर शालीनता की जीत है धृतराष्ट्र रावण कंश शिशु पाल पर कृष्ण की जीत, ओमप्रकाश राजभर के अहंकार का हुआ अंत, पीडीए की जीत, पिछड़े दलित अगड़े अल्पसंख्य की जीत। प्रमुख रूप से रामबचन यादव, राजू पटेल, दिनेश पटेल, गयनचंद्र पटेल, सोनू लाल सहित इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### असि घाट पर काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के विशेष चरण का आयोजन पं गणेश प्रसाद मिश्र के सुरों से समृद्ध हुआ




प्रखर वाराणसी। जिला प्रशासन वाराणसी के तत्वावधान में असि घाट पर सुबह ए बनारस के मंच पर सायंकाल काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के विशेष चरण के अंतर्गत सांस्कृतिक आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें बनारस घराने के वरिष्ठ गायक कलाकार पं गणेश प्रसाद मिश्र ने रसपूर्ण प्रस्तुति से सबको आनंदित किया आपके साथ गायन में सहभागी रहे आपके सुपुत्र एवं शिष्य श्री शुभ मिश्र ।पं गणेश जी के साथ तबला संगति रही डॉ अमित ईश्वर की एवं बाँसुरी पर साथ दिया डॉ शनीष ग्यावली की । पं गणेश जी ने गायन का आरम्भ किया राग शंकरा में मध्य एकताल में निबद्ध शिव महिमा पर आधारित बंदिश से बोल थे शंकर महादेव देव इसी क्रम में द्रुत तीनताल में निबद्ध तराना से लय वैविध्य के प्रभाव को अभिव्यक्त किया ।साथ ही राग भिन्न षडज में निबद्ध भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति से विभोर किया भजन के बोल थे सांवरिया मन भायो समापन में कजरी की प्रस्तुति से रससिक्त किया बोल थे सावन में झुलनी गढ़ाई द पिया अंत में श्री श्याम कुमार केशरी के कर कमलों से कलाकारो को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त रूप से संचालन किया डॉ प्रीतेश आचार्य एवं श्रीमती सीमा केशरी ने ।विशेष सहयोग रहा सुबह ए बनारस आनंद कानन का एवं निर्देशन रहा क्षेत्रीय सांस्कृतिक अधिकारी वाराणसी डॉ सुभाष चंद्र यादव का समस्त आयोजन के समन्वय में मार्गदर्शन रहा डॉ रत्नेश वर्मा का। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कलाप्रेमीयो की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### कॉलेज प्रबंधक/ पत्रकार की माता का निधन शोक

प्रखर जौनपुर। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बारीनाथ के प्रबंधक एडवोकेट पत्रकार संजय श्रीवास्तव की माता 87 वर्षीय देविका श्रीवास्तव का निधन हो गया। उनका निधन शुक्रवार की रात में उनके शंकर मंडी पैतृक आवास पर हुआ। उनके निधन से शोक की लहर दौड़ गयी और शनिवार को उनका अंतिम संस्कार रामघाट पर किया गया। निधन की खबर सुनते ही शोकसभा का आयोजन किया गया। एडवोकेट संजय श्रीवास्तव एक दैनिक अखबार के पत्रकार भी हैं और भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता भी हैं। उनके माता के निधन की खबर सुनते ही प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव व काफी संख्या में लोग आवास और रामघाट पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं